# वार्षिक रिपोर्ट
# Annual Report
# 2015-16

विद्याधनम् सर्वधनं प्रधानम्

**राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान**
**National Institute of Open Schooling**
ISO 9001 : 2008 Certified
(An autonomous Institution under MHRD, Govt. of India)



# अध्यक्ष का संदेश
# Chairman's Message

शिक्षा मानव संसाधन विकास के लिए अनिवार्य है। इसे ध्यान में रखते हुए, भारत औपचारिक शिक्षा प्रणाली तथा मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) दोनों के माध्यम से शिक्षा के सार्वभौमिकीकरण के लक्ष्य की ओर अग्रसर है।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) स्कूल शिक्षा स्तर पर, विशेष रूप से उन शिक्षार्थियों के लिए ओडीएल के माध्यम से पूर्व स्नातक स्तर तक शिक्षार्थियों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर आगे बढ़ रहा है जो विभिन्न समाजार्थिक कारणों से पारम्परिक विद्यालयों से शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ रहे साथ ही उनके लिए जिन्हें स्कूली शिक्षा प्राप्त करने तथा विकासात्मक शिक्षा प्रदान करने का अवसर प्राप्त नहीं हुआ। ''गुणवत्तापूर्ण विद्यालयी शिक्षा तथा कौशल विकास हेतु सुविधापूर्ण, सार्वभौमिक, चिरस्थायी और समावेशी शिक्षा प्रदान करना इसका विज़न है। इस परिप्रेक्ष्य में, एनआईओएस सभी श्रेणियों के शिक्षार्थियों को न केवल शैक्षिक तथा व्यावसायिक शिक्षा के विविध पाठ्यक्रम प्रदान कर रहा है, बल्कि एक शिक्षित सम्मिलित शिक्षित समाज का विकास करने के लिए देशभर में मुक्त विद्यालय कार्यक्रम बढ़ाने के लिए नोडल संस्थान के रूप में भी कार्य करता है। राष्ट्रीय स्तर की मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा की एक संस्था के रूप में एनआईओएस प्रसारण, परामर्श और शैक्षिक और वित्तीय सहायता के माध्यम से राज्यों को राज्य मुक्त विद्यालय स्थापित करने में सहायता प्रदान करता है।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) केवल राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी मानव संसाधन विकास की चुनौतियों का सामना करने के लिए मुक्त विद्यालयी शिक्षा प्रणाली को एक सशक्त माध्यम बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। यह प्रसार तथा परामर्शी कार्यक्रमों के माध्यम से मुक्त विद्यालयी शिक्षा के विकास के क्षेत्र में विभिन्न एशियाई तथा अफ्रीकी देशों की सहायता कर रहा है तथा विचारों और सूचना के आदान-प्रदान करने के लिए मंच प्रदान कर रहा है। एनआईओएस ने इस प्रकार के विभिन्न कार्यक्रम कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग (कोल) तथा यूनेस्को जैसी अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं की मदद से आयोजित किए।

एनआईओएस द्वारा चलाए जा रहे स्कूल शिक्षा पाठ्यक्रम हैं - (i) मुक्त बेसिक शिक्षा (ओबीई) कार्यक्रम, (ii) माध्यमिक शिक्षा, (iii) उच्चतर माध्यमिक शिक्षा, तथा (iv) व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण (वीईटी)। इन पाठ्यक्रमों में प्रति वर्ष पांच लाख से अधिक प्रवेश होते हैं, वर्तमान में एनआईओएस में लगभग 28 लाख शिक्षार्थी ओडीएल में नामांकित हैं जिससे यह विश्व की सबसे

Education is indispensable for human resource development. Keeping this in view, India is pursuing the goal of universalisation of education both through the formal system of education and the Open and Distance Learning (ODL) mode of education.

At the school education level, the National Institute of Open Schooling (NIOS) has been marching ahead steadily to meet the educational needs of learners through ODL mode up to pre-degree level, particularly of those who are unable to attend conventional schools for a variety of socio economic reasons as well as to those who missed opportunities to complete school education and developmental education. It has a vision to provide "Sustainable inclusive learning with universal and flexible access to quality school education and skill development". In this context, NIOS not only offers a wide spectrum of academic and vocational education courses for all categories of learners, but also works as a nodal institute for carrying forward the open school movement in the country in order to achieve the objective of developing an inclusive learning society. As a national level ODL organisation, NIOS has been extending help to the States for setting up the State Open Schools (SOSs) through advocacy, consultancy and academic and financial inputs. As a result, 20 states have already set up SOSs.

NIOS has been working incessantly to make the open schooling system a vibrant agent to meet the challenge of human resource development not only at National Level, but also at the International Level. It has been helping several Asian and African countries in the area of promotion of open schooling through advocacy and consultancy programmes, and providing forums for a exchange of ideas and information. Several such programmes were organised by NIOS with support from international agencies like the Commonwealth of Learning (COL) and UNESCO.

The school education courses being offered by NIOS are (i) Open Basic Education (OBE) Programme, (ii) Secondary Education, (iii) Senior Secondary Education, and (iv) Vocational Education and Training (VET). The admission per year in these courses is more than five lakh per year currently the ODL learners enroll in NIOS is about 28 lakh which makes it the largest Open

बड़ी मुक्त विद्यालयी प्रणाली बन गया है। एनआईओएस अध्ययन केंद्रों के माध्यम से मुक्त विद्यालयी शिक्षा कार्यक्रम कराता है जिनकी संख्या 6000 से अधिक है।

मुक्त विद्यालयी शिक्षा प्रणाली अपनी अंतर्निर्हित सुविधाओं के कारण पूर्व-स्नातक स्तर के पढ़ाई प्रदान करने के लिए प्रमुख कार्यक्रम प्रसार का माध्यम बनने जा रहा है। भारत में हम ऐसे निर्णायक समय में हैं जब उभरती हुई मुक्त विद्यालयी शिक्षा प्रणाली को बहुत अधिक जोर देने की आवश्यकता है। हमने अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में कुशल व्यक्तियों की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए शैक्षिक और व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों में नामांकन में खासी बढ़ोतरी पर भी विचार किया है। हम शिक्षा अधिगम में सहायता प्रदान करने और मात्रा एवं गुणवत्ता की दृष्टि से मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा उन्नयन के लिए आईसीटी के लाभ लेने के परिप्रेक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आईसीटी आधारित कार्यक्रमों में से कुछ कार्यक्रमों में : (i) ऑन लाईन प्रवेश, (ii) जब चाहो तब परीक्षा, (iii) विद्यार्थी सहायता केंद्र, (iv) वर्चुअल ओपन स्कूलिंग, (v) मैसिव ओपन ऑन लाइन कोर्सेज (मूक्स), (vi) डेजी (डिजिटल अभिगम्य सूचना प्रणाली) में बोलती पुस्तकें 'मुद्रण अक्षमताओं' वाले शिक्षार्थियों के प्रयोग के लिए विशेष रूपे से की गई तैयार प्रारूप, (vii) 'मुक्त विद्या वाणी' के माध्यम से व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रमों की सीधे वेब स्क्रीनिंग। एनआईओएस ने शिक्षार्थियों के अध्ययन को पूरा करने तथा पूरक बनाने हेतु शिक्षार्थियों की सहायता के लिए ऑडियो, वीडियो तथा मल्टीमीडिया कार्यक्रम तैयार किए हैं।

एनआईओएस कार्यक्रमों तथा गतिविधियों का क्षेत्र सामान्य रूप से शैक्षिक तथा व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों के अलावा अन्य विशेष क्षेत्रों में भी बढ़ रहा है। इसमें (i) एनएलएम द्वारा सौंपा गया विस्तृत (बेसिक साक्षरता कार्यक्रम मूल्यांकन), (ii) राज्य आशा प्रशिक्षकों प्रत्यायित सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का मूल्यांकन, तथा (iii) ओडीएल प्रणाली के माध्यम से राज्यों के अप्रशिक्षित प्राथमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण। एनआईओएस मुक्त विद्यालय कार्यकर्ताओं के सक्षमता निर्माण कार्यक्रम चला रहा है। प्रशिक्षण आवश्यकता की जांच, प्रशिक्षण पैकेज तैयार करने तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संस्था से संबंधित मामलों को देखने के लिए एक अलग सक्षमता निर्माण प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है।

एनआईओएस का व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण (वीईटी) कार्यक्रम का उन्नयन सार्वजनिक निजी सहभागिता प्रणाली के माध्यम से भी किया जा रहा है। विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में स्टेक धारकों के साथ कुछ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पहले ही कार्यान्वित किए जा चुके हैं।

मैं राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय संगोठनों सहित उन सभी का अत्यंत आभारी हूँ जिन्होंने एनआईओएस के कार्यक्रमों तथा गतिविधियों की योजना बनाने, उन्हें तैयार करने और क्रियान्वित करने में अपने सुझाव एवं सहयोग दिए।

(चन्द्रभूषण शर्मा)
अध्यक्ष, एनआईओएस

Schooling System in the world. The delivery of NIOS open schooling programmes is through the study centres which are more than 6000 in number.

The open schooling system with inbuilt flexibilities is going to be the major programme delivery mode of study upto pre-degree level. In India, we are at a crucial moment when a big thrust needs to be given to the budding open schooling system. We have envisaged substantial increase in enrollment in Academic and Vocational Education courses, particularly to meet the impending need of skilled persons in various sectors of economy. We are moving ahead with a perspective to harness the benefits of ICT for facilitating teaching-learning and endeavouring to upscale the ODL in terms of quantity and quality. Some of ICT based programes include : (i) Online Admission, (ii) On Demand Examination, (iii) Learner Support Centre, (iv) Virtual Open Schooling, (v) Massive Open Online Courses (MOOCs), (vi) Talking Books in DAISY (Digital Accessible Information System) format specially designed for use by learners with "print disabilities', (vii) NIOS Connect - A Mobile App, and (viii) Web screening of live personal contact programmes through the 'Mukta Vidya Vani'.The audio, video and multimedia programmes developed by NIOS help learners to supplement and complement their studies.

The scope of NIOS programmes and activities has been expanding in certain other areas also, besides usual academic and vocational education courses. Some such programmes include (i) Massive Basic Literacy Programme Assessment entrusted by NLM, (ii) Evaluation of State ASHA (Accredited Social Health Activists) trainers, and (iii) Training of untrained Elementary Teachers of states through ODL mode. NIOS has been operationalising capacity building programmes of open school functionaries. A separate Capacity Building Cell has been set up to look after matters related to need assessment of training, development of training packages and organisation of training programmes.

The Vocational Education and Training (VET) programme of NIOS is in the process of being up scaled inter alia through Public Private Partnership mode. Some Memorandum of Understandings (MOU) have already been executed with stakeholders in various vocational areas.

I am extremely thankful to all those who have extended their inputs and cooperation, including national and international organisations, in planning, developing, and implementing programmes and activities of NIOS.

(C.B. Sharma)
Chairman, NIOS

# विषय सूची


| क्र.सं. | विषय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | सारांश | 1-13 |
| 2. | परिचय | 14-19 |
| 3. | शैक्षिक कार्यक्रम | 20-42 |
| 4. | व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम | 43-52 |
| 5. | विद्यार्थी सहायता सेवाएँ | 53-78 |
| 6. | मूल्यांकन और अभिनिर्धारण | 79-102 |
| 7. | प्रशासन एवं वित्त | 103-116 |
| 8. | क्षेत्रीय सेवाएँ | 117-128 |
| 9. | सक्षमता निर्माण | 129-132 |
| 10. | अनुसंधान एवं विकास | 133-138 |
| 11. | मीडिया कार्यक्रम | 139-140 |
| 12. | सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी | 141-148 |
| 13. | पुस्तकालय, प्रलेखन और पुरालेख संबंधी सेवाएँ | 149-152 |
| 14. | सूचना का अधिकार | 153-156 |
| 15. | हिंदी का प्रसार | 157-158 |
| **परिशिष्ट एवं संलग्नक** | | 159-179 |

➥ संलग्नक I क : एनआईओएस : शुल्क से प्राप्त आय की प्रवृत्तियाँ

➥ संलग्नक I ख : एनआईओएस : अन्य आय की प्रवृत्तियाँ

➥ संलग्नक I ग : एनआईओएस : कुल आय

➥ संलग्नक II : एनआईओएस की स्व-निर्मित निधियाँ (2005-06 से)

➥ संलग्नक III : एनआईओएस के योजनागत व्यय (2005-06 से)

➥ संलग्नक IV : 2005-2006 से मा.सं.वि.मं. से प्राप्त वर्षवार बजट सहायता

➥ संलग्नक V : 2005-06 से प्राथमिकता प्राप्त समूहों को एनआईओएस द्वारा दी गई अनुवृत्तियाँ

➤ परिशिष्ट क : एनआईओएस की महासमिति

➤ परिशिष्ट ख : एनआईओएस की कार्यकारी परिषद्

➤ परिशिष्ट ग : एनआईओएस की वित्त समिति

➤ परिशिष्ट घ : एनआईओएस की शैक्षिक परिषद

➤ परिशिष्ट ड. : एनआईओएस के स्वीकृत पद

# Content


| S.No. | Topics | Page. No. |
|---|---|---|
| 1. | Executive Summary | 1-13 |
| 2. | Introduction | 14- 19 |
| 3. | Academic Programmes | 20-42 |
| 4. | Vocational Education Programmes | 43-52 |
| 5. | Student Support Services | 53-78 |
| 6. | Evaluation and Assessment | 79-102 |
| 7. | Administration and Finance | 103-116 |
| 8. | Regional Services | 117-128 |
| 9. | Capacity Building | 129-132 |
| 10. | Research and Development | 133-138 |
| 11. | Media Programmes | 139-140 |
| 12. | Information and Communication Technology | 141-148 |
| 13. | Library, Documentation and Archival Services | 149-152 |
| 14. | Right to Information | 153-156 |
| 15. | Promotion of Hindi | 157-158 |
| **Annexures and Appendices** | | 159-179 |
| ➥ | Annexure-IA: NIOS: Trends of Fee Income | |
| ➥ | Annexure-IB: NIOS: Trends of Other Income | |
| ➥ | Annexure-IC: NIOS: Total Income | |
| ➥ | Annexure-II: NIOS Expenditure from Self Generated Funds (2005-06 onwards) | |
| ➥ | Annexure-III: NIOS Plan Expenditure (2005-06 onwards) | |
| ➥ | Annexure-IV: Year wise Budgetary Support to NIOS from the MHRD since 2005-06 | |
| ➥ | Annexure-V: Subsidies given by NIOS to Prioritised Groups since 2005-06 | |
| ➤ | Appendix A: General Body of NIOS | |
| ➤ | Appendix B: Executive Board of NIOS | |
| ➤ | Appendix C: Finance Committee of NIOS | |
| ➤ | Appendix D: Academic Council of NIOS | |
| ➤ | Appendix E: Sanctioned Posts in NIOS | |

# 1

# सारांश
# Executive Summary

## 1.0 परिचय

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान विश्व का सबसे बड़ा मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान है जो सभी शिक्षा वंचित लोगों और स्थानों पर शिक्षा का प्रसार करने में विश्वास करता है।

मुक्त विद्यालयी शिक्षा के लिएएक राष्ट्रीय स्रोत संगठन के रूप में एनआईओएस अपनी पाठ्यचर्या और स्व-अध्ययन सामग्री स्वयं बनाता है तथा अधिगम को बढ़ावा देने के लिए सहायक श्रव्य/दृश्य सामग्री तैयार करता है। इसकी अध्ययन सामग्री इस ढंग से लिखी गई है कि ये शिक्षार्थियों को गहरी समझ के साथ उनकी समीक्षात्मक सोच तथा सृजनात्मक कल्पना को तीव्रता प्रदान करती है। एनआईओएस अधिगम के लिए विषयों और उपागमों की अत्यधिक विविधता और सीखने, पुन: सीखने में नए तरीके प्रदान करता है जिन्हें आधुनिक शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पुन: परिभाषित किए जाने की आवश्यकता है। यह वर्ष में दो सार्वजनिक परीक्षाओं का आयोजन करता है और इसके अतिरिक्त वर्षभर 'जब चाहो तब परीक्षा' की सुविधा भी प्रदान करता है। यह संस्थान मुक्त विद्यालयी शिक्षा में अनुसंधान करता है और साथ ही, मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा कार्यकर्ताओं का सक्षमता निर्माण भी कराता है। यह एक प्रकाशन संस्था के रूप में भी कार्य करता है जो प्रत्येक वर्ष बहुत सी पुस्तकें प्रकाशित करता है।

इस समय 4222 प्रत्यायित संस्थाएँ (एआई), 130 सुविधा वंचितों की शिक्षा के लिए प्रत्यायित संस्थाएँ (एसएआईईडी), 1374 प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाएँ (एवीआई), 394 प्रत्यायित एजेंसियाँ (एए) के साथ-साथ 1048 मुस्लिम अल्पसंख्यक संस्थाएँ एवं मदरसे हैं।

वर्ष 2015-16 के दौरान, 1116 अल्पसंख्यक संस्थाएँ एनआईओएस अध्ययन केन्द्रों के रूप में प्रत्यायित की गईं। वर्ष 2015-16 के दौरान 6.48% की वृद्धि हुई।

एनआईओएस का मुख्यालय इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-62, नोएडा, उत्तर प्रदेश में है। एनआईओएस के कार्यों के लिए एक महासमिति, एक कार्यकारी बोर्ड और एक वित्त समिति हैं। अध्यक्ष, एनआईओएस के सर्वोच्च कार्यकारी अधिकारी हैं। एनआईओएस पाँच विभागों द्वारा कार्य करता है, जो हैं : शैक्षिक, व्यावसायिक शिक्षा, विद्यार्थी सहायता सेवाएँ, मूल्यांकन और प्रशासन। एनआईओएस 20 क्षेत्रीय केन्द्रों, दो उप-क्षेत्रीय केन्द्र, दो केंद्र तथा एक प्रकोष्ठ के माध्यम से कार्य करता है।

## 1.0 Introduction

The National Institute of Open Schooling (NIOS) is the world's largest open schooling institution that believes in extending education to all unreached people and places.

Being a National Resource Organisation for Open Schooling, NIOS frames and formulates Self-Learning Materials (SLMs) and also prepares supportive audio/video materials to enhance learning. Its study materials stimulate individual's critical thinking and creative imagination with understanding. NIOS offers a remarkable diversity of subjects and approaches to learning and novel ways to learn, unlearn and relearn about the continuum of learning. That really needs to be redefined in order to cater to the needs of modern age learners. It conducts two public examinations in a year and provides the facility of On Demand Examination throughout the year. It gives accreditation to formal schools and organizations to provide academic support to varied clientele. The Institute carries out research in Open Schooling as well as capacity building of Open and Distance Learning (ODL) functionaries. It also works like a publishing house that brings out numerous publications each year.

At present, there are 4222 Accredited Institutions (AIs), 130 Specially Accredited Institutions for the Education of Disadvantaged (SAIEDs), 1374 Accredited Vocational Institutions (AVIs), 394 Accredited Agencies (AAs) and 1048 Muslim Minority Institutions and Madrasas.

Up to 2015-16, 1116 minority institutions were accredited as NIOS study centres. The growth rate of the accreditation of Minority institutions was 6.48 % during the year 2015-16.

The NIOS has its headquarters at the Institutional Area, Sector-62, NOIDA, Uttar Pradesh. The NIOS is administered by a General Body, an Executive Board, and a Finance Committee. The Chairman is the Chief Executive Officer of NIOS that operates through five departments viz., Academic, Vocational Education, Student Support Services, Evaluation, and Administration. NIOS operates through 20 Regional Centres] two Sub-Regional Centres, two centres and one Cell.

## 1.1 शैक्षिक कार्यक्रम

- वर्ष के दौरान, एनआईओएस शैक्षिक पाठ्यक्रमों में 5,03,935 शिक्षार्थियों ने नामांकन कराया। इनमें से 45% शिक्षार्थियों ने माध्यमिक पाठ्यक्रमों में और 55% ने उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया।

  माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर शैक्षिक पाठ्यक्रमों के लिए क्षेत्रवार प्रवेश आंकड़ों का एक विश्लेषण दर्शाता है कि शिक्षार्थियों का सबसे अधिक नामांकन कोच्चि क्षेत्र (89315) में हुआ, उसके बाद जयपुर (86812) और उसके बाद दिल्ली क्षेत्र (84441) में हुआ। वर्ष 2015-16 के दौरान वर्गवार प्रवेश सबसे अधिक सामान्य वर्ग (82.6%) का रहा। वर्ष 2014-15 के दौरान नामांकन का लिंगवार विश्लेषण दर्शाता है कि 70% पुरुष और 30% महिलाएँ थीं। शैक्षिक पाठ्यक्रमों में नामांकन कराने वाले 59.95% शिक्षार्थी 14-20 वर्ष के आयु समूह के थे, जबकि 20.38% शिक्षार्थी 21 से 25 वर्ष के थे।

- एनआईओएस द्वारा उच्चतर माध्यमिक स्तर पर सात विषयों - भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, अर्थशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन तथा लेखांकन में सामान्य कोर पाठ्यचर्या के तारतम्य में परिवर्द्धन किया है और ये सत्र 2015-16 से आरंभ किए गए हैं। उच्चतर माध्यमिक स्तर पर मूक्स (मैसिव ओपन ऑन लाइन कोर्सेज) बनाए जा रहे हैं।

- उच्चतर माध्यमिक स्तर पर नए विषय जैसे अरबी (341), फारसी (342), कानून का परिचय (338), और पुस्तकालय और सूचना विज्ञान (339) तैयार किए गए जो सत्र 2015-16 से आरंभ किए गए।

- वर्ष 2015-16 के दौरान माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक दोनों स्तरों पर विभिन्न विषयों में अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू माध्यमों में मूल्यांकन कार्य तैयार किए गए। माध्यमिक स्तर पर 5 क्षेत्रीय भाषाओं यथा ओडिया, गुजराती, मलयालम, मराठी, ओडिया तथा तेलुगू में मूल्यांकन कार्य तैयार किए गए।

- एनआईओएस सार्वजनिक परीक्षा के लिए प्रत्येक विषय में प्रश्नपत्रों के तीन सैट (ए, बी और सी) तैयार करता है। अंक योजनाओं में वस्तुनिष्ठता के लिए सभी विषयों के अंक योजनाओं का मानकीकरण माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक दोनों स्तरों पर किया गया। अप्रैल-मई, 2015 और अक्तूबर-नवंबर, 2015 में प्रत्येक विषय के संकाय सदस्यों और बाहरी विशेषज्ञों को शामिल करते हुए 2 दिन की 110 कार्यशालाएँ आयोजित की गईं।

- वर्ष 2015-16 के दौरान शैक्षिक विभाग द्वारा तैयार किए गए कार्यक्रम के अनुसार मुक्त विद्या वाणी के माध्यम से सभी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विषयों में एक घंटे के 620 लाइव व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम प्रसारित किए गए।

- ओबीई के क्रियान्वयन के लिए मार्गनिर्देश और मानक कार्य प्रणाली में संशोधन किया गया और अक्तूबर 01, 2015 से

## 1.1 Academic Programme

- During the year, 5,03,935 students were enrolled in NIOS Academic Courses. 45% of these students were enrolled for the Secondary Courses and 55% for the Senior Secondary Courses.

  An analysis of the region-wise admission data for the Academic Courses at the Secondary and the Senior Secondary levels shows that maximum number of students were enrolled in Kochi region (89315) followed by Jaipur region (86812) and Delhi region (84441). Category wise admission during 2015-16 was highest in the general category (82.6%). Gender-wise analysis of enrolment during 2015-16 shows that 70% were males and 30% were females. 59.95% learners enrolled in the academic courses came from the age group 14-20 and 20.38% learners were in the age group 21 to 25.

- Seven subjects at Senior Secondary level - Physics, Chemistry, Biology, Mathematics, Economics, Business Studies, and Accountancy were revised in consonance with the Common Core Curriculum and were introduced during the session 2015-16. The Massive Open Online Courses (MOOCs) in all subjects at Senior Secondary level are under development.

- New subjects such as Arabic (235) , Persian (236) at Secondary level and Introduction to Law (338) and Library and Information Science (339) were developed at the Senior Secondary level and were introduced during the session 2015-16.

- During the year 2015-16, Assignments for learners were developed in various subjects in English, Hindi, and Urdu mediums at both the Secondary and the Senior Secondary levels. At the Secondary level, the Assignments were also made available in 5 regional mediums viz., Odia, Gujarati, Malayalam, Marathi, and Telugu.

- NIOS prepares three sets of Question Papers (A, B and C) in each subject for public examinations. In order to have objectivity in the marking schemes, standardization of marking schemes for all subjects is done at both Secondary and Senior Secondary levels. 110 workshops of 2 days involving the faculty and external resource persons in each subject were held in April-May 2015 and October-November 2015.

- 620 one hour live Personal Contact Programmes in all the Secondary and the Senior Secondary subjects were webcasted through 'Mukta Vidya Vani' (Web Radio) as per schedule prepared by the Academic Department during the year 2015-16.

- The Guidelines and Standard Operating Procedure (SOP) for implementation of the Open Basic Education

लागू किया गया। ओबीई (बच्चों और प्रौढ़ दोनों) के विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल नामांकन 14,265 था। ओबीई – सी स्तर (प्रौढ़) पर गणित, हिंदी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और बेसिक कंप्यूटर कौशलों में स्व-अध्ययन सामग्री तैयार की गयी।

- 23.08.2015 को आयोजित बेसिक साक्षरता मूल्यांकन का 11वां चरण 23.08.2015 को पूरा हो गया। 80,22,495 शिक्षार्थियों को प्रमाणित किया गया। लगभग 1.10 करोड़ शिक्षार्थी 20 मार्च, 2016 को आयोजित 12वें बेसिक साक्षरता कार्यक्रम मूल्यांकन में बैठे।

  एनआईओएस ने कौशल विकास के लिए एक प्रमुख प्रयास के रूप में ओबीई कार्यक्रम के प्रत्येक स्तर पर एक अनिवार्य व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम आरंभ किया है। इसमें दो व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम यथा (i) बेसिक कम्प्यूटर कौशल और (ii) कटाई, सिलाई और पोशाक निर्माण तैयार किए हैं।

- ओबीई पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण हो जाने के बाद, एनआईओएस एवं सहभागी प्रत्यायित एजेंसियों द्वारा (एए) शिक्षार्थियों को एक संयुक्त प्रमाणपत्र जारी किए जाते हैं। 31 मार्च, 2015 को एनआईओएस के ओबीई कार्यक्रम के अंतर्गत 15,193 शिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र दिए गए।

- शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अनुसार सभी प्राथमिक शिक्षक 2015 तक प्रशिक्षित होने चाहिए। एनआईओएस को मा.सं.वि.मं. द्वारा ऐसी संस्थाओं में से एक संस्था के रूप में चुना गया है जो मुक्त और दूरस्थ शिक्षा द्वारा अप्रशिक्षित प्रारंभिक शिक्षकों के प्रशिक्षण में योगदान देगी। अत: एनआईओएस को अप्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशिक्षण देने के लिए प्राथमिक स्तर पर एक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाकर राज्य सरकारों की सहायता करने का उत्तरदायित्व दिया गया। एनसीटीई ने प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अप्रशिक्षित शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित कराने के लिए एनआईओएस को अनुमोदन दिया है।

- अप्रशिक्षित शिक्षकों के लिए डी.एल.एड. जम्मू-कश्मीर में दिसंबर, 2015 में आरंभ किया गया।

- हिमाचल प्रदेश में प्राथमिक शिक्षकों के लिए व्यावसायिक विकास कार्यक्रम (पीडीपीईटी) दिसंबर, 2015 में आरंभ किया गया।

### कुछ अन्य कार्यक्रम

- एनआईओएस को टीयूवी इंडिया ऑडिटिंग के अनुसार आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणन दिया गया।

- एनआईओएस द्वारा कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग (कोल) वैंकूवर, कनाडा के सहयोग से मुक्त विद्यालयी शिक्षा के लिए जेंडर नीति तैयार की गई।

- नई शिक्षा नीति (एनईपी) के लिए एक परामर्शी कार्यशाला क्षे.के. रांची द्वारा आयोजित की गई।

(OBE) programme has been revised and implemented w.e.f. October 1, 2015. The total enrolment in different courses of OBE (both children and adult) was 14,265. The Self Learning Material (SLM) at OBE-C Level (Adults) in Mathematics, Hindi, Science, Social Science, and Basic Computer Skills were developed.

- The 11th round of Basic Literacy Programme Assessment was held on 23.08.2015 and 80, 22,495 learners were certified. Approximately 1.10 crore learners appeared under the 12th Basic Literacy Programme Assessment held on 20th March 2016.

- NIOS has introduced one compulsory Vocational Course at each level of the OBE programme as a major initiative for skill development. It has developed two Vocational Education Courses viz., (i) Basic Computer Skill, and (ii) Cutting, Tailoring and Dress Making.

- After successful completion of the OBE course, joint certificates by NIOS and the partnering Accredited Agencies (AAs) are issued to the learners. As on 31st March, 2015, 15,193 learners were certified under the OBE programme of NIOS.

- The Right to Education (RTE) Act envisaged that all elementary teachers should be trained by 2015. NIOS has been identified by the MHRD as one of the institutions that would contribute towards training of untrained elementary teachers through Open and Distance Learning (ODL) mode. Hence, NIOS was entrusted with the responsibility of helping the State Governments to train the untrained teachers by offering a teacher training programme at the elementary level. NCTE has given approval to NIOS to conduct training of in-service untrained teachers working in elementary schools.

- The D.El.Ed. Programme for the untrained teachers was launched in Jammu and Kashmir in December, 2015.

- The Professional Development Programme for Elementary Teachers (PDPET) was launched in the state of Himachal Pradesh in December, 2015.

### Other Programmes

- NIOS was awarded the ISO 9001: 2008 certification in accordance with TUV India Auditing.

- The Gender Policy for Open Schooling was prepared by NIOS in association with the Commonwealth of Learning (COL), Vancouver, Canada

- Consultative Workshop for New Education Policy (NEP) was organized by RC-Ranchi.

- एनआईओएस द्वारा यूनाइटेड नेशन्स एजुकेशनल साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गेनाईजेशन (यूनेस्को) के सहयोग से ''कन्वर्जेंस ऑफ फेस टू फेस एंड ओपन लर्निंग'' पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।
- एनआईओएस के पांच संकाय सदस्यों ने 30 नवंबर से 2 दिसंबर, 2015 तक कुवालालुंपुर में आयोजित 29वें एशियन एसोसिएशन ऑफ ओपन यूनिवर्सिटीज़ सम्मेलन में हिस्सा लिया और आलेख प्रस्तुत किये।
- एनआईओएस ने अपने विशेष आवश्यकताओं वाले शिक्षार्थियों के चित्रों को प्रयोग करते हुए 2016 के लिए दीवार कैलेंडर तैयार किया।
- किशोर शिक्षा कार्यक्रम (एईपी) के अंतर्गत उत्तर-पूर्व के 32 केंद्रों और देशभर के 15 क्षेत्रीय केंद्रों में 7-9 दिसंबर 2015 को शिक्षार्थी केंद्रित गतिविधि (एलईए) 2015 आयोजित की गई।

## 1.2 व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम

- वर्ष 2015-16 के दौरान, विभिन्न व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों में शिक्षार्थियों का नामांकन **30,990** है। अधिकतम नामांकन राजस्थान राज्य में और उसके बाद दिल्ली में रहा।
- नामांकन आंकड़े दर्शाते हैं कि व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों में पुरुषों की तुलना में अधिक महिलाओं ने प्रवेश लिया। व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों में 36% पुरुषों की तुलना में 64% महिलाओं ने प्रवेश लिया।
- वर्ष 2015-16 के दौरान व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों में कुल नामांकन में से सुविधा वंचित शिक्षार्थियों का प्रतिशत बहुत कम था। अधिकांश शिक्षार्थी सामान्य श्रेणी के थे।
- इस समय एनआईओएस वर्चुअल ओपन स्कूलिंग (वीओएस) के अंतर्गत एक डिप्लोमा और पाँच प्रमाणपत्र कार्यक्रम चला रहा है ये : ग्रामीण प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा, कृषि और पशुपालन में प्रमाणपत्र, ग्रामीण उद्योगों में प्रमाणपत्र, ऊर्जा सेवाओं में प्रमाणपत्र, खाद्य संसाधन में प्रमाणपत्र और आईसीटी एप्लिकेशन्स। प्रथम सत्र के लिए परीक्षा आयोजित की गई और परिणाम घोषित किए गए।

### श्रव्य-दृश्य कार्यक्रम

श्रव्य-दृश्य सामग्री मुख्य स्व-अधिगम सामग्री की एक उपयोगी पूरक है जो शिक्षार्थियों को अत्यंत उपयोगी लगती है। शिक्षार्थी अपने अध्ययन केंद्र से इन्हें प्राप्त कर सकता है। 2015-16 के दौरान निम्नलिखित श्रव्य-दृश्य कार्यक्रम तैयार किए गए :

- डाटा एंट्री कार्यों (पाठ्यक्रम कोड 336) और डाटा एंट्री कार्यों (पाठ्यक्रम कोड 229) के लिए ऑन लाइन मूक्स विषयवस्तु और 12 वीडियो तैयार किए गए।
- एनआईओएस ने 'ध्वनि तकनीशियन' पाठ्यक्रम के लिए 10 वीडियो कार्यक्रम तैयार किए।

- A National Conference on "Convergence of Face to Face and Open Schooling: Towards Life Long Learning" was organized by NIOS in collaboration with the United Nations Educational Scientific and Cultural Organization (UNESCO).
- Five faculty members of NIOS participated in the 29th Asian Association of Open Universities Conference held at the Kuala Lumpur during 30th November - 2nd December 2015 and presented papers.
- NIOS produced a wall calendar for 2016 using paintings by special needs learners of NIOS.
- Learner Engagement Activity (LEA) 2015 was organized during 7 - 9 December, 2015 at 32 centers in North-East and at 15 Regional Centres across India, under Adolescence Education Programme (AEP).

## 1.2 Vocational Education Programmes

- During the year 2015-16, the enrolment of learners in various vocational education programmes was **30,990**, the highest enrolment was in the State of Rajasthan followed by Delhi.
- The enrolment data reveals that more number of females took admission in vocational education courses vis-à-vis males. 36% males took admission in vocational education courses as compared to 64.% females.
- During the year 2015-16, out of the total enrolment in vocational education courses, the percentage of disadvantaged learners was very small. Majorly the learners were from the general category.
- Presently NIOS is offering one diploma and five certificate programmes under the Virtual Open Schooling (VOS) viz. Diploma in Rural Technology, Certificate in Agriculture and Animal Husbandry, Certificate in Rural Industries, Certificate In Energy Services, and Certificate in Food Processing and ICT applications. Examination for the first session was conducted and result was declared.

### Audio-Video Programme

Audio-Video material is a useful supplement to the main self learning material which the learners find very useful. It can be accessed by the learner at their study centres. The following audio-video was developed during 2015-16:

- Online MOOCs content and 12 videos were developed for Data Entry Operations (course code 336) and Data Entry Operations(course code 229)
- Ten video programmes for "Sound Technician" course were developed at NIOS

- वर्ष 2015-16 में 162 मुक्त विद्या वाणी कार्यक्रमों का प्रसारण किया गया।

### अन्य कार्यक्रम

- एनआईओएस और राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के बीच बिहार के चार लाख अप्रशिक्षित समुदाय स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करने के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। परियोजना का प्रारंभ मा.सं.वि. मंत्री, भारत सरकार द्वारा किया गया। इसमें 25,000 से अधिक स्वास्थ्य कर्मी प्रवेश ले चुके हैं।
- पराचिकित्सा पाठ्यक्रम चलाने के लिए 19 मार्च, 2016 को आईएमए के साथ एमओयू नवीकृत किया गया।
- वर्ष 2015-16 के दौरान, मानक कार्य प्रक्रियाओं के अनुपालन में व्यावसायिक शिक्षा विभाग के लिए आंतरिक और बाहरी लेखा परीक्षा आयोजित की गई जिनमें सामग्री वितरण निर्माण, पाठ्यक्रमों का पुनर्शोधन और अनुवाद, अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय समन्वयन आदि शामिल हैं।

### आशा कार्यक्रम

- नौ राज्यों से राज्य प्रत्यायित सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा) प्रशिक्षकों को रिफ्रेशर प्रशिक्षण और प्रमाणन दिया गया।
- एवीआई के लिए प्रत्यायन दिशानिर्देशों का निर्माण किया गया।
- राज्य और जिला प्रशिक्षकों और आशाओं के प्रमाणन दिशानिर्देशों का निर्माण।
- छत्तीसगढ़ और गुजरात में आशा प्रकोष्ठ की स्थापना।
- राज्य प्रशिक्षकों के मूल्यांकन के दो चरण पूरे हो गए जिनमें 9 राज्यों के 37 प्रतिभागी थे। मूल्यांकन का प्रथम चरण 4 से 5 मार्च 2016 को नेशनल डॉक्यूमेंटेशन सेंटर, एनआईएचएफडब्ल्यू परिसर, नई दिल्ली में हुआ जिसमें झारखंड, उत्तराखंड एवं पश्चिम बंगाल से 16 राज्य प्रशिक्षकों ने हिस्सा लिया। राज्य प्रशिक्षकों के मूल्यांकन का द्वितीय चरण 18 एवं 19 मार्च, 2016 को सीनी, कोलकाता में आयोजित किया गया जिसमें असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, सिक्किम, कर्नाटक और पंजाब से 21 प्रतिभागी शामिल हुए।

## 1.3 विद्यार्थी सहायता सेवाएँ

- एनआईओएस का लक्ष्य शिक्षार्थियों को उनकी दहलीज पर शिक्षा प्रदान करना है जिससे वे अपने सुविधाजनक स्थान पर पढ़ाई कर सकें। इस परिप्रेक्ष्य में, एनआईओएस द्वारा 174 प्रत्यायित संस्थाएँ (एआई), 39 प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाएँ (एवीआई) और 58 प्रत्यायित एजेंसियाँ (एए) और अध्ययन केंद्र प्रत्यायित किए गए।
- वर्ष 2015-16 के दौरान एनआईओएस ने 68 अल्पसंख्यक संस्थाओं को अपने अध्ययन केन्द्रों के रूप में प्रत्यायित किया।

- 162 Mukta Vidya Vani programmes were broadcast during the year 2015-16.

### Other Programmes

- An MoU was signed between NIOS and the State Health Society, Health Department; Government of Bihar to train four lakh untrained community health workers of Bihar. The project was launched by Minister of Human Resource Development, Govt of India at Patna. More than 25,000 health workers were enrolled.
- The MoU with IMA was renewed on the 19th March 2016 to offer paramedical courses
- During the year 2015-16, internal and external audits were conducted for the Vocational Education Department in adherence to the standard operating procedures which include various procedural norms related to material development, revision and translation of courses, international and national collaborations etc.

### ASHA Programmes

- State Accredited Social Health Activist (ASHA) trainers from 9 States have undergone refresher training and certification.
- Development of Accreditation Guidelines for AVIs.
- Development of Certifications Guidelines for State and District Trainers and ASHAs.
- Establishment of ASHA Cell in Chhattisgarh, and Gujarat.
- Two rounds of evaluation of state trainers were completed with 37 participants from 9 states. The first round of evaluation was held on 4th & 5th March 2016 at National Documentation Centre, NIHFW campus, New Delhi with 16 state trainers from Jharkhand, Uttarakhand, and West Bengal. The second round of evaluation of state trainers was held on 18th and 19th March 2016 at CINI, Kolkata with 21 participants from Assam, Arunachal Pradesh, Tripura, Sikkim, Karnataka and Punjab.

## 1.3 Student Support Services

- NIOS aims at providing education at the doorsteps of its learners to enable them to study at places convenient to them. In this context, 174 Accredited Institutes (AIs), 39 Accredited Vocational Institutes (AVIs) and 58 Accredited Agencies (AAs) and Study Centres were accredited by NIOS.
- During 2015-16, NIOS accredited 68 minority institutions as its study centres.

- ❖ मा.सं.वि. मंत्रालय में मदरसों में गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध कराने की योजना एसपीक्यूईएम एनआईओएस से 26 फरवरी, 2009 को आरंभ हुई। वर्ष 2015-16 के दौरान, मा.सं.वि.मं. द्वारा चार बैठकें आयोजित की गईं और एनआईओएस अधिकारियों ने इन बैठकों में हिस्सा लिया। एसपीक्यूईएम के अंतर्गत पंजीकृत 594 शिक्षार्थियों के लिए मंत्रालय द्वारा एनआईओएस के लिए रु.10,62,850/- की राशि आबंटित की गई एवं प्रतिपूर्ति की गई। अब तक इस योजना के अंतर्गत, 48 मदरसों (22 मध्य प्रदेश में, 26 उत्तर प्रदेश में) को इससे लाभ मिला है।
- ❖ मानित स्कूलों के अतिरिक्त एनआईओएस ने देश के विभिन्न भागों में जेलों में अपने अध्ययन केन्द्र स्थापित किए हैं। 18 राज्यों की जेलों में एनआईओएस ने 170 एआई और छः राज्यों में 24 एवीआई स्थापित किए हैं।

### अन्य कार्यक्रम

- ❖ एनआईओएस अपने विभिन्न अध्ययन के पाठ्यक्रमों में अल्पसंख्यक समुदायों के शैक्षिक रूप से पिछड़े बच्चों, किशोरों और प्रौढ़ों को नामांकित करके शिक्षित करने के विशेष प्रयास कर रहा है। अल्पसंख्यकों की शिक्षा के लिए कुछ सुविधापूर्ण प्रावधान किए हैं।
- ❖ वर्ष 2015-16 के दौरान, एनआईओएस में पंजीकृत विविध प्रकार के सक्षम शिक्षार्थियों की संख्या 4017 थी जो एनआईओएस में कुल पंजीकरण का 0.79% थी। ऐसे शिक्षार्थियों को शिक्षार्थी अनुकूल सुविधाएँ प्रदान कराने के कारण एनआईओएस उनका पसंदीदा विकल्प है।

## 1.4 क्षेत्रीय सेवाएँ

एनआईओएस के क्षेत्रीय केन्द्रों ने प्रवेश, परीक्षा और मूल्यांकन की अपनी नियमित गतिविधियाँ कीं। वर्ष 2015-16 के दौरान, एनआईओएस के क्षेत्रीय निदेशकों की दो बैठकें आयोजित की गईं जिनमें प्रचार, नामांकन, टीएमए, पीसीपी, अल्पसंख्यक शिक्षा के प्रसार के विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

## 1.5 मूल्यांकन और अभिनिर्धारण

### माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक परीक्षा

- ❖ वर्ष 2015-16 के दौरान, शैक्षिक तथा व्यावसायिक शिक्षा स्ट्रीमों में लगभग 6,46,416 शिक्षार्थी बैठे। 2,55,912 शिक्षार्थी माध्यमिक प्रमाणपत्र परीक्षा में बैठे जबकि 3,60,117 शिक्षार्थी उच्चतर माध्यमिक प्रमाणपत्र परीक्षा में बैठे। विदेशों के साथ-साथ देशभर में 3141 परीक्षा केन्द्रों पर व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों में परीक्षा के लिए 30,387 शिक्षार्थी बैठे।
- ❖ शैक्षिक पाठ्यक्रमों के लिए अप्रैल, 2015 और अक्तूबर, 2015 की परीक्षाएँ देशभर में फैले क्रमशः 1319 और 1097 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गईं। डी.एल.एड. सहित व्यावसायिक शिक्षा परीक्षाएँ देशभर में 486 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गईं। अप्रैल 2015 के दौरान, 40 परीक्षा केन्द्रों

- ❖ The Scheme of Providing Quality Education in Madarsas (SPQEM) was launched on 26th February 2009 at the Ministry of Human Resource Development (MHRD). During the year 2015-16, four meetings of MHRD and NIOS officers were held. An amount of Rs. 10,62,850/- was sanctioned and reimbursed by MHRD to NIOS for 594 students registered under SPQEM. 48 Madarsas (22 in M.P. and 26 in U.P.) were benefited under the scheme.
- ❖ Apart from affiliated schools, NIOS has set up its study centres in Jails in various parts of the country. It has set up 170 AIs in Jails in 18 states and 24 AVIs in six states.

### Other Programmes

- ❖ NIOS has been making special efforts to bring educationally backward children, adolescents and adults belonging to minority communities within the fold of education by enrolling them in its various courses of study. Certain facilitative provisions for education of minorities have been made.
- ❖ During the year 2015-16, the number of differently abled learners registered with NIOS was 4017. It was 0.79% of the total registration in NIOS. NIOS is a preferred choice for differently abled learners because of the flexibilities and facilities provided for them.

## 1.4 Regional Services

The Regional Centres of NIOS carried out regular activities of admission, examination and evaluation. Two meetings of the Regional Directors of NIOS were held during 2015-16 in which issues like advocacy, enrolment, TMA, PCP and promotion of minority education were discussed.

## 1.5 Evaluation and Assessment

### Secondary and Senior Secondary Examinations

- ❖ During the year 2015-16, approximately 6,46,416 candidates appeared in the Academic and the Vocational Education streams. 2,55,912 candidates appeared for the Secondary Certificate Examination, 3,60,117 candidates for Senior Secondary Certificate examination and 30,387 candidates for Vocational Education courses through 3141 examination centres in the country and abroad.
- ❖ The April 2015 and October 2015 examinations for academic courses were held in 1319 and 1097 examination centres respectively spread all over the country. The Vocational Education examinations including D.El.Ed. were held in 486 examination centres throughout the country. During April 2015,

पर डी.एल.एड. परीक्षाओं में लगभग 6,348 शिक्षार्थी बैठे। अक्तूबर, 2015 की परीक्षाओं में 24 परीक्षा केन्द्रों पर 2,304 शिक्षार्थी बैठे। एनआईओएस योजनाओं का प्रचार करने के लिए एक प्रखर प्रचार अभियान आरंभ किया गया।

- अप्रैल-मई, 2015 माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक, व्यावसायिक शिक्षा और जब चाहो तब परीक्षाओं और ओबीई परीक्षाओं के सामूहिक नकल और अनुचित साधनों के वैयक्तिक मामलों पर विचार करने के लिए अनुचित साधन (यूएफएम) समिति की बैठकें 7 से 15 जुलाई, 2015 तक आयोजित की गईं जिनमें 12,497 मामलों पर विचार किया गया। अक्तूबर, 2015 परीक्षा के लिए, यूएफएम बैठकों में 18,806 मामलों पर विचार किया गया।
- एनआईओएस ने अप्रैल 2012 परीक्षा से उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों में उत्तरों का पुनः मूल्यांकन आरंभ किया है। अप्रैल, 2015 परीक्षा में, पुनः मूल्यांकन के लिए 1130 आवेदन प्राप्त किए गए जिनमें से 151 मामलों में अंक परिवर्तित हुए और 979 मामलों में अंकों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। अक्तूबर, 2015 परीक्षा में कुल 1086 शिक्षार्थियों ने पुनः मूल्यांकन के लिए आवेदन किया जिनमें से 140 मामलों में अंकों में परिवर्तन हुआ और 946 मामलों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

### साक्षर भारत के अंतर्गत मूल्यांकन

- राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण (एनएलएमए) प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग साक्षर भारत के बेसिक साक्षरता कार्यक्रम को मॉनीटर करता है जो राष्ट्रीय साक्षरता अभियान के ही एक अंग के रूप में बनाया गया है।
- वर्ष 2015-16 के दौरान, 23 अगस्त, 2015 को आयोजित मूल्यांकन में 24 राज्यों से लगभग 1,08,28,243 शिक्षार्थी बैठे और 80,22,495 शिक्षार्थी सफल घोषित हुए और उन्हें प्रमाणपत्र दिए गए। 20 मार्च, 2016 को आयोजित मूल्यांकन में 23 राज्यों से लगभग 48,01,880 शिक्षार्थी बैठे और 35,07,051 शिक्षार्थी सफल घोषित हुए और उन्हें प्रमाणपत्र दिए गए।

### परीक्षाओं का अनुवीक्षण

- एनआईओएस की सार्वजनिक परीक्षाओं के अनुवीक्षण एवं निरीक्षण के लिए विशेष प्रयास किए गए। इस संबंध में कुछ राज्य शिक्षा विभागों की सहायता भी ली गई।

## 1.6 प्रशासन एवं वित्त

- एनआईओएस का प्रशासन विभाग का नेतृत्व सचिव करते हैं। यह विभाग एनओएस सोसाइटी के संघ के ज्ञापन से संबंधित सभी मामले, एनआईओएस की विभिन्न समितियों का निर्माण और सर्वोच्च समितियों की बैठकों का आयोजन, कार्मिक से संबधित मामले, विधि मामले, बजट/लेखा इत्यादि के मामले देखता है। एक महत्त्वपूर्ण विभाग के रूप

6348 learners appeared in D.El.Ed Examination from 40 examination centres and 2304 learners appeared in October 2015 examinations from 24 examination centres. Vigorous advocacy campaign were launched to publicise NIOS schemes.

- During the year, 12,497 cases of mass copying and individual Unfair Means (UFM) during April-May 2015 Secondary, Senior Secondary, Vocational Education Examinations and On Demand Examinations were considered in UFM meeting held on 7th and 15th July, 2015. For October, 2015 examination, the UFM meetings were held on 7th and 14th January, 2016 in which 18,806 cases were considered.
- NIOS has started re-evaluation of answers in the Senior Secondary Examinations from April 2012 examination. In April 2015 examination, 1,130 applications were received for re-evaluation. Of these, marks were changed in 151 cases and there was no change in marks in 979 cases. In Oct. 2015 examination, 1,086 learners applied for re evaluation. Of these, there was a change of marks in 140 cases and there was no change of marks for 946 cases.

### Assessment under Saakshar Bharat

- The National Literacy Mission Authority (NLMA), under the Directorate of Adult Education, Department of School Education and Literacy, monitors the Basic Literacy Programme of the Saakshar Bharat, which has been devised as a new variant of the National Literacy Mission.
- During the year 2015-16, 1,08,28,243 learners from 24 states appeared in the assessment held on 23rd August, 2015, out of which 80,22,495 learners were declared successful and certified. In the assessment held on 20 March, 2016, the result of 48,01,880 learners from 23 states was processed and 35,07,051 learners were declared successful and certified.

### Monitoring of Examinations

- Special efforts were made for monitoring and supervision of public examinations of NIOS. Help of State Education Departments was also taken in this regard.

## 1.6 Administration and Finance

- The Administration Department of NIOS is headed by the Secretary. It takes care of various matters related to the Memorandum of Association of NOS Society, constitution of various Committees of NIOS, organization of Meetings of apex Committees, matters related to personnel, legal, and budget/ accounts etc. The Administration Department lends

में एनआईओएस का प्रशासन विभाग एनआईओएस के सभी विभागों के कार्यों में सहायता प्रदान करता है। वर्ष 2015-16 के दौरान दो पद सीधी भर्ती द्वारा भरे गए जबकि अन्य तीन पदों के लिए प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति की गई। डीपीसी आयोजित की गई जिसमें एनआईओएस के छः अधिकारियों/ कर्मचारियों की पदोन्नति की गई।

- एनआईओएस के नामांकित शिक्षार्थियों के लिए स्व-अध्ययन सामग्री (एसएलएम) के मुद्रण के लिए जीएफआर 2005 में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए डीजीएसएण्डडी रेट कांट्रेक्ट/मुक्त निविदा प्रक्रिया द्वारा रु. **9,85,05,754/-** मूल्य का विविध प्रकार का मुद्रण कागज प्राप्त किया गया। बहुत बड़े पैमाने पर शिक्षार्थियों के लिए स्व अध्ययन मुद्रण के अतिरिक्त विविध प्रकार के प्रकाशन समय पर मुद्रित किए गए। वर्ष के दौरान अत्यंत उच्च स्तर की गुणवत्ता का प्रकाशन किया गया। पाठ्यक्रम सामग्री का चार रंगों में मुद्रण करना शिक्षार्थियों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुआ। एनआईओएस की मुद्रण इकाई ने मुद्रण सामग्री का संपूर्ण कार्य समय पर बखूबी किया।
- संसदीय इकाई ने एनआईओएस के विभिन्न विभागों के साथ समन्वय किया ताकि एनआईओएस से संबंधित सूचना प्रदान की जा सके। त्वरित, सही और समय पर सूचना देना सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक विभाग में नोडल अधिकारी नामित किए गए। वर्ष 2015-16 में **25 संसदीय प्रश्नों** के उत्तर मा.सं.वि.मं. को भेजे गए।
- वर्ष 2015-16 के दौरान शुल्क से रु. 17108.71 लाख आय हुई। इसकी तुलना में 2014-15 के दौरान रु.13544.26 लाख की आय हुई थी। अन्य स्रोतों से रु. 3436.92 लाख की आय हुई। पिछले वर्ष यह राशि रु. 2709.21 लाख थी।
- वर्ष 2015-16 के दौरान एनआईओएस की स्व निर्मित निधियों से 15617.37 लाख रुपए का व्यय हुआ जबकि पिछले वर्ष के दौरान 14006.33 लाख रुपए का व्यय हुआ था। वर्ष 2015-16 के दौरान योजनागत व्यय पिछले वर्ष के दौरान हुए 7.16 लाख के तुलना में शून्य रुपए हुआ।
- वर्ष 2014-15 के लिए एनआईओएस के लेखा परीक्षा प्रधान लेखा परीक्षा निदेशक, इलाहाबाद द्वारा की गई।
- एनआईओएस की सामग्री वितरण इकाई ने मुद्रित सामग्री के भंडारण और शिक्षार्थियों को उनके वितरण आदि का कार्य भली-भांति संभाला। उसने राज्य मुक्त विद्यालयों आदि को एनआईओएस की सामग्री के विक्रय का कार्य भी संभाला।
- एनआईओएस की विधि इकाई ने कानूनी मुकदमे संभाले और कानूनी दृष्टि से समझौता ज्ञापनों आदि की जांच की।
- जन संपर्क इकाई ने द्विमाही बुलेटिन निकाला और विज्ञापन, प्रेस विज्ञप्तियाँ आदि प्रकाशित करने के लिए कदम उठाए।

its support in smooth functioning of all the Departments of NIOS. During 2015-16, two positions were filled through direct recruitment while appointment for another three positions were made on deputation basis. DPC was convened wherein six officers/officials of NIOS were promoted.

- Different varieties of printing papers worth Rs. **9,85,05,754./-** were procured on DGS&D Rate Contract /Open Tender process after following procedure as laid down in GFR 2005 for printing of Self Learning Materials (SLMs) for learners of NIOS. Besides printing of Self Learning Materials for learners on a large scale enrolled through open distance mode of learning, various other types of publications were also got printed. High quality publications were brought out during the year. Printing of course materials in four colours has proved beneficial for learners. The Printing Unit of NIOS managed to complete the task of making printed materials available timely and efficiently.
- The Parliament Unit in the Administration Department coordinated with different Departments of NIOS in order to provide information related to NIOS. To ensure prompt, correct and timely information, Nodal Officers were designated within each Department. Replies to **25 Parliament Questions** were sent to MHRD during the year 2015-16.
- During the year 2015-16, income from fee was to the tune of Rs. 17108.71 lakh against Rs. 13544.26 lakh during 2014-15. Income from other sources was Rs. 3436.92 lakh against the previous year's figure of Rs. 2709.21 lakh.
- The NIOS expenditure from Self Generated Funds during the year 2015-16 was Rs. 15617.37 lakh as compared to Rs. 14006.33 lakh during previous year. The Plan expenditure during the year 2015-16 was nil as compared to Rs. 7.16 lakh during previous year.
- The audit of accounts of NIOS for the year 2014-15 was conducted by the Principal Director of Audit, Allahabad.
- The Material Distribution Unit of NIOS handled efficiently storing of printed materials and its distribution to learners etc. It has also handled the work of sale of NIOS materials to State Open Schools etc.
- The Legal Cell, NIOS handled legal cases and vetted MoUs etc., from legal angle.
- The Public Relation Unit brought out bi-monthly News bulletin and took steps for tasks such as advertisements, press releases, etc.

## 1.7 सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी

- शिक्षार्थियों के पंजीकरण से लेकर प्रमाणपत्र जारी करने तक की प्रक्रिया को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए एक पूरे पैकेज के रूप में शिक्षार्थी सूचना प्रणाली तैयार की गई।
- एनआईओएस ने मुद्रण सामग्री को पढ़ने की अक्षमताओं जैसे दृष्टिहीनता, कम दृष्टि और डाइसलैक्सिया वाले शिक्षार्थियों के लिए माध्यमिक पाठ्यक्रम के लिए डेजी (डिजिटल एक्सेसिबल इंफॉरमेशन सिस्टम) प्रारूप में बोलती पुस्तकें तैयार की हैं।
- मैसिव ओपन ऑनलाइन पाठ्यक्रम (मूक्स) का निर्माण : मूक्स एक ऑनलाइन पाठ्यक्रम है जिसका लक्ष्य वेब द्वारा असीमित सहभागिता और मुक्त पहुँच है। एनआईओएस ने माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों के लिए ऑडियो मूक्स सहित मूक्त मंच तैयार किया है।
- नवंबर, 2015 के दौरान राष्ट्रीय डिजीटल साक्षरता मिशन (एनडीएलएम) के अंतर्गत मूल्यांकन और प्रमाणन के लिए सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए और यह प्रक्रिया 7 दिसंबर, 2015 से आरंभ हो गई। 31 मार्च, 2016 तक लगभग 5 लाख शिक्षार्थियों का मूल्यांकन किया गया एवं प्रमाणपत्र दिए गए।
- कम्प्यूटर इकाई ने व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम के आयोजन का कार्यक्रम प्रदान करने के लिए अध्ययन केंद्र के लिए एक ऑनलाइन मंच तैयार किया है जिसे शिक्षार्थी देख सकते हैं। साथ ही पीसीपी की ऑन लाइन मानीटरिंग के लिए इसका उपयोग किया जा सकता है।
- कम्प्यूटर इकाई मुख्यालय से अध्यक्ष और विभागाध्यक्षों तथा एनआईओएस के क्षेत्रीय निदेशकों की वेब आधारित वीडियो कांफ्रेंसिंग में सहायता प्रदान करती है।
- एनआईओएस कनेक्ट शिक्षार्थियों के लाभ के लिए एनआईओएस द्वारा डिजाइन एवं तैयार की गई एक मोबाइल एप है जिसके द्वारा वे अपने मोबाइल अथवा टैब से एनआईओएस के बारे में सूचना प्राप्त कर सकते हैं। यह एप गूगल प्ले स्टोर से नि:शुल्क डाउनलोड की जा सकती है।
- एनआईओएस एसएमएस के माध्यम से शिक्षार्थियों को विभिन्न सूचनाएं और सहायता सेवाएं प्रदान करने के लिए मोबाइल प्रौद्योगिकी का प्रयोग करता है। एनआईओएस शिक्षार्थियों को शुल्क, परीक्षा केन्द्र, परीक्षा तिथियाँ और परिणाम संबंधी विभिन्न गतिविधियाँ एसएमएस के माध्यम से सूचित करता है।

## 1.8 मीडिया सहायता

- ऑडियो/वीडियो कार्यक्रम अधिगम के अन्य माध्यमों जैसे स्व-अध्ययन सामग्री और व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रमों के पूरक एवं सहायक हैं एनआईओएस ने मुक्त बेसिक शिक्षा,

## 1.7 Information and Communication Technology

एनआईओएस ने विशेष आवश्यकताओं वाले शिक्षार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों का प्रयोग करते हुए 2016 के लिए दीवार कैलेंडर मुद्रित किए। ये शिक्षार्थी एनआईओएस के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों में नामांकित हैं। एनआईओएस क्षेत्रीय केंद्रों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर अखिल भारतीय स्तर पर इन शिक्षार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिताएं विशेष रूप से आयोजित की गईं। विभिन्न मुद्दों पर उनका दृष्टिकोण, उनकी चिंताएं, उनकी भावनाएं और उनकी समझ और जीवन की व्याख्या उदार संवेदनशीलता दर्शाती है।

प्राप्त 109 चित्रों में से 18 मुद्रित करने योग्य और सर्वोत्तम संदेश देने वाले चित्र चुने गए। अधिकाधिक शिक्षार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए एनआईओएस ने घोषणा की कि इस प्रकार चुने गए सर्वोत्तम चित्र को रु. 1500/- का पुरस्कार और प्रत्येक प्रतिभागी को एक प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

### 3.10.6 NIOS Wall Calendar 2016-Paintings by the Special Needs Learners of NIOS

NIOS printed wall calendar for 2016 using paintings drawn by the special needs learners. These learners are enrolled with NIOS for Secondary and Senior Secondary Courses. Painting competitions exclusively for these learners were organized at all India level at different places through NIOS Regional Centres. Their taste on various issues, their concerns, their feelings and their understanding and interpretation of life shows profound sensitivity.

18 print worthy and best message conveying paintings were selected out of 109 paintings received. In order to encourage more learners to participate, NIOS has announced that the best painting so selected will be given a token prize of Rs. 1500/- and also a certificate to each participant.



*चित्र 3.6: एनआईओएस दीवार कैलेंडर 2016 एनआईओएस के विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों द्वारा चित्र / NIOS Wall Calendar 2016, made by Special Need Learners of NIOS*


### 3.10.7 गणित में प्रदर्शनी का आयोजन

क्षेत्रीय केंद्र, गांधीनगर ने अखिल भारतीय रामानुजन गणित क्लब द्वारा 12-13 सितंबर, 2015 को अंकलेश्वर, गुजरात में आयोजित 12वें गणित उत्सव के परिसर में एक प्रदर्शनी लगाकर हिस्सा लिया। प्रदर्शनी के आगंतुक एनआईओएस स्टॉल में भी आए और उन्होंने एनआईओएस कार्यक्रमों में गहरी रुचि दिखाई। प्रदर्शनी ने गुजरात के 21 जिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले 50 से अधिक विद्यालयों में रुचि उत्पन्न की।

## 3.11 महत्वपूर्ण दिनों का आयोजन

### 3.11.1 अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस

एनआईओएस मुख्यालय, नोएडा और एम्नेस्टी इंडिया के सहयोग से 10 दिसंबर, 2015 अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस आयोजित किया गया। प्रो. संजीव कुमार शर्मा ने इस अवसर पर बीज भाषण दिया। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार सभी व्यक्तियों के लिए समान है चाहे उनमें सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक, भाषिक और सांस्कृतिक अंतर क्यों न हों।




*चित्र 3.8: अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन*
*Fig. 3.7 : Celebration of International Human Rights Day*



*चित्र 3.7: गणित के प्रदर्शन, क्षे.के. गांधीनगर/*
*Fig. 3.7 : Exhibition in Mathematics, R.C. Gandhinagar*

### 3.10.7 Organisation of Exhibition in Mathematics

The Regional Centre Gandhinagar participated in 12th Mathematics Festival on 12-13 September, 2015 at Ankleshwar, Gujarat organized by the All India Ramanujan Mathemaicss Club by putting up an exhibition in the premises of the Festival. Visitors to the exhibition also visited the NIOS stall and showed keen interest in NIOS programmes. The exhibition also generated interest among more than 50 schools representing 21 districts of Gujarat.

## 3.11 Celebration of Significant Days

### 3.11.1 International Human Rights Day

The International Human Rights Day was celebrated on 10$^{th}$ December 2015 at NIOS HQ, NOIDA in collaboration with Amnesty India. Prof. Sanjeev Kumar Sharma delivered the keynote speech on the occasion. The Human rights are the same for all human beings regardless of socio-economic, political, linguistic and cultural differences, he emphasised.

सुश्री सौम्या डिमरी, कार्यक्रम अधिकारी, एम्नेस्टी इंटरनेशनल ने मानवाधिकार के पहलू प्रस्तुत किए। प्रो. सी.बी. शर्मा, अध्यक्ष, एनआईओएस ने जोर दिया कि भारत सदैव शिक्षा में एक अग्रणी रहा है और पारम्परिक रूप से हमारे देश में स्त्रियों को पुरुषों की भांति समानाधिकार दिए गए हैं।

### 3.11.2 अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस, 21 फरवरी, 2016 को एनआईओएस मुख्यालय, नोएडा तथा एनआईओएस के 20 क्षेत्रीय केंद्रों में मनाया गया। देशभर में टेलीकांफ्रेंस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक शिक्षार्थियों ने हिस्सा लिया और अपनी मातृभाषा में अपने विचारों को साझा किया।




श्री अतुल कोठारी, सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास सहित प्रो. संतोष पांडा, अध्यक्ष एनसीटीई और प्रो. सी.बी. शर्मा, अध्यक्ष, एनआईओएस ने मुख्यालय से कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य विभिन्न मातृभाषाओं का महत्व तथा आपसी सहयोग को जानना, मातृभाषाओं का प्रसार तथा उन्हें साझा करना था। शिक्षार्थियों को अपने विचार मातृभाषा में व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### 3.11.3 विश्व पर्यावरण दिवस

एनआईओएस मुख्यालय के साथ-साथ एनआईओएस के विभिन्न क्षेत्रीय केंद्रों में विश्व पर्यावरण दिवस पूरे उत्साह और खुशी से मनाया गया। मुख्यालय स्तर पर अध्यक्ष, एनआईओएस ने सभी कार्मिकों को पर्यावरण की शपथ दिलाई।

मुख्य अतिथि प्रो. उमेश राय, निदेशक, दक्षिण परिसर, दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रो. सी.बी. शर्मा, अध्यक्ष और श्री सी. धारूमन, सचिव और एनआईओएस के अन्य कार्मिकों ने एनआईओएस परिसर में बहुत से वृक्ष लगाए। अन्य क्षेत्रीय केंद्रों ने भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए।

***क्षे.के. भोपाल*** परिसर में पेड़ लगाकर तथा पृथ्वी का सम्मान और रक्षा करने और उसे हरा-भरा रखने की शपथ लेकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। 'पर्यावरण के मूल्य पर उन्नति', विषय पर सामूहिक चर्चा की गई।

Ms. Somya Dimri, Programme Officer, Amnesty International, presented on the aspects of Human Rights.. Prof. C.B. Sharma, Chairman, NIOS emphasised that India has always been a leader in education and traditionally women have been given equal rights vis-a-vis men in our country.

### 3.11.2 International Mother Tongue Day

The International Mother Tongue Day was celebrated on 21 February 2016 at NIOS HQ, NOIDA as well as by all the 20 Regional Centres of NIOS. The programmes was organised as a teleconference throughout the country. More than 200 learners participated in the programme and shared their views using their mother tongue.

Shri Atul Kothari, Secretary, Siksha Sanskriti Uthaan Nyas, Prof. Santosh Panda, Chairman, NCTE, and Prof. C. B. Sharma, Chairman NIOS, participated in the programme at the NIOS Headquarters. The major objective of the programme was to outline the importance and cooperation among various mother tongues and promotion and sharing of mother tongue. Learners were encouraged to express their ideas and views in their mother tongue.

### 3.11.3 World Environment Day

The World Environment Day was celebrated at NIOS HQs as well as by various Regional Centres of NIOS with fervour and joy. At the headquarter level, the environment pledge was administered by the Chairman, NIOS to all the staff members.

Several trees were planted at NIOS campus by the Chief Guest Prof. Umesh Rai, Director, South Campus, University of Delhi, Prof. C.B.Sharma, Chairman and Sh. C. Dharuman, Secretary and other staff members of NIOS. Other Regional Centres also organised various programmes.




***RC-BHOPAL*** World Environment Day was celebrated by planting trees in the campus and taking pledge to be green and to honour, respect and save the planet Earth. A group discussion on "Advancement at the cost of Environment" was held.

**क्षे.के. भुवनेश्वर** विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन परिसर को साफ करके और वृक्षारोपण करके तथा लगाए गए वृक्षों की देखभाल करने की शपथ लेकर किया गया। शिक्षार्थियों के लिए प्रश्न मंच और पोस्टर प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं।

**क्षे.के. चंडीगढ़** विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन 'पर्यावरण बचाओ' विषय पर एक व्याख्यान आयोजित करके किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक ने जोर दिया कि ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण को रोकने के लिए वृक्षारोपण को प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### 3.11.4 स्वतंत्रता दिवस

एनआईओएस ने 15 अगस्त, 2015 को ब्रिटिश साम्राज्य से देश की स्वतंत्रता प्राप्ति के 69वें स्वतंत्रता दिवस को पूरे उत्साह से मनाया।

प्रो. सी.बी. शर्मा, अध्यक्ष, एनआईओएस ने सलामी दी और राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अपने भाषण में प्रो. सी.बी. शर्मा ने स्टाफ को शिक्षा वंचितों तक शिक्षा पहुंचाने के लिए एक साथ कार्य करने का अनुरोध किया। उन्होंने प्रणाली में विश्वसनीयता और पारदर्शिता लाने के लिए सबका आह्वान किया। विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारियों और स्टाफ ने कार्यक्रम में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

### 3.11.5 गणतंत्र दिवस

26 जनवरी, 2016 को गणतंत्र दिवस, एनआईओएस मुख्यालय, नोएडा के साथ-साथ देशभर के एनआईओएस क्षेत्रीय केंद्रों में पूरे जोश एवं उल्लास के साथ मनाया गया।

प्रो. सी.बी. शर्मा, अध्यक्ष, एनआईओएस ने समारोह में उपस्थित स्टॉफ और शिक्षार्थियों को गणतंत्र दिवस का संदेश दिया। इस अवसर पर एनआईओएस ने बिहार और टूरा, मेघालय से अपने विशेष आवश्यकताओं वाले शिक्षार्थियों को गणतंत्र दिवस की परेड देखने के लिए बुलाया। एनआईओएस ने लगभग 110 शिक्षार्थियों



***RC-BHUBANESWAR*** World Environment Day was celebrated by cleaning the campus and planting trees with a pledge to nurture these trees . Quiz and poster competitions were also conducted for the learners.

***R C-CHANDIGARH*** World Environment Day was celebrated by organising a lecture on the issue "Save the Environment". On this occasion, the Regional Director emphasised the need to encourage tree plantation for curtailing global warming, climate change and pollution.



### 3.11.4 Independence Day

NIOS celebrated the 69th Independence Day commemorating the nation's independence from the British Empire with full fervour on the 15th August 2015.

Prof. C. B. Sharma, Chairman, NIOS took the salute and unfurled the National Flag. In his speech, Prof. C. B. Sharma urged the staff to work together for reaching the unreached. He exhorted everyone to bring accountability and transparency into the system. The Heads of Departments, senior officials and staff participated in the function with enthusiasm.

### 3.11.5 Republic Day

The Republic Day was celebrated on 26th January 2016 with enthusiasm and fervour at the NIOS Headquarters, NOIDA as well as by the Regional Centers of NIOS across the country.

Prof. C.B. Sharma, Chairman, NIOS delivered the Republic Day Message to staff and learners who were present during the ceremony. On this occasion, NIOS invited its special needs learners from Bihar and Tura, Meghalaya to witness the Republic Day Parade. NIOS made elaborate

और शिक्षकों के संबंधित राज्यों से दिल्ली की यात्रा, उनके आवास, स्थानीय भ्रमण और ताजमहल, आगरा के भ्रमण तथा वापसी के लिए विशद प्रबंध किए।

arrangements for their safe journey from respective states to Delhi and back for about 110 learners and teachers as well as, their stay, local sightseeing and visit to Taj Mahal, Agra.

## 3.12 किशोर शिक्षा कार्यक्रम (एईपी)

एईपी मा.सं.वि.मं. - यूएनएफपीए समर्थित प्रवर्तन के अंतर्गत राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) का एक सहयोगात्मक कार्यक्रम है।

## 3.12 Adolescence Education Programme (AEP)

AEP is a collaborative programme of National Institute of Open Schooling (NIOS) under the MHRD-UNFPA supported initiative.

### 3.12.1 मॉनीटरिंग उपकरणों का संशोधन और अद्यतनीकरण

शैक्षिक विशेषज्ञों की पुस्तिका में मॉनीटरिंग उपकरणों का संशोधन करने के लिए 24-26 जून, 2015 को कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य मॉनीटरिंग उपकरणों के नियमों और प्रक्रियाओं में परिवर्तित प्रशासनिक और शैक्षिक कार्य ज्ञात करना था। अन्य उद्देश्य एआई, एवीआई, एए और एसएआईईडी के दौरान शैक्षिक कार्य की गुणवत्ता के संबंध में प्रतिपुष्टि प्रदान करने वाली मदें तैयार करना था।

कार्यशाला के प्रतिभागी शैक्षिक विशेषज्ञों और समन्वयकों के साथ-साथ शैक्षिक विभाग, व्यावसयिक शिक्षा विभाग, विद्यार्थी सहायता सेवाएँ विभाग, ओबीई इकाई, मीडिया इकाई, सक्षमता निर्माण प्रकोष्ठ और क्षेत्रीय केंद्रों से लिए गए।

### 3.12.1 Review and Updating of Monitoring Protocols

A Workshop was organised to review the Monitoring Tools in the Academic Facilitator's Handbook on June 24-26, 2015. The objective was to articulate the changed administrative and academic functions in the norms and procedures in the monitoring tools. Another objective was to develop items eliciting feedback regarding quality of academic work during PCPs at AIs, AVIs, AAs and SAIED.

Participants of the workshop were drawn from the faculty of Academic Department, Vocational Department, SSS Department, OBE Unit, Media Unit, Capacity Building Cell and Regional Centres along with selected Academic Facilitators and Coordinators.

### 3.12.2 शिक्षार्थी केंद्रित गतिविधि 2015

उत्तर पूर्वी क्षेत्र के 32 केंद्रों और देशभर के 15 क्षेत्रीय केंद्रों में 7-9, दिसंबर, 2015 को शिक्षार्थी केंद्रित गतिविधि आयोजित की गई। कुल 3930 शिक्षार्थियों और अनुशिक्षकों ने इसमें हिस्सा लिया जिनमें दो हजार प्रतिभागी उत्तरपूर्व से थे जिन्होंने अन्य प्रतिभागियों के साथ अब तक की सबसे बड़ी वर्चुअल कक्षा में हिस्सा लिया। एलईए-2015 का आयोजन एनबीटी, विज्ञान प्रसार, नाको, एनसीईआरटी और यूएनएफपीए के सहयोग से आयोजित किया।

### 3.12.2 Learner Engagement Activity 2015

Learner Engagement Activity 2015 was organized from December 7-9, 2015 at 32 centers in North East and at 15 Regional Centres across India. A total of 3930 learners and tutors participated out of which 2000 and from North East, who joined together with others in the largest ever virtual classroom. LEA-2015 was conducted in collaboration with NBT, Vigyan Prasar, NACO, NCERT and UNFPA.

### 3.12.3 मास्टर प्रशिक्षक और अनुशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशालाएँ

सिक्किम सहित उत्तर-पूर्व क्षेत्र के 750 अनुशिक्षकों के लिए 15 फरवरी, 2016 को अनुशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। विज्ञान प्रसार के सहयोग से 7 प्रत्यक्ष कार्यक्रम आयोजित किए गए। ए-व्यू के माध्यम से 20 प्रशिक्षण आयोजित किए गए। ये कार्यशालाएँ विज्ञान प्रसार, नाको, एनसीईआरटी और यूएनएफपीए के सहयोग से आयोजित की गईं।



### 3.12.3 Master Trainer and Tutor Training Workshops

A tutor training workshop was conducted on February 15, 2016 for 750 tutors of North East Region including Sikkim. Seven face-to-face programmes were organised in collaboration with the Vigyan Prasar. Twenty trainings were organised through A-View. These workshops were conducted in collaboration with Vigyan Prasar, NACO, NCERT and UNFPA.

### 3.12.4 शिक्षकों के लिए विमर्शी कार्यशालाएँ

एनआईओएस के.वी. और जेएनवी के शिक्षकों के लिए दिल्ली, गया, गुवाहाटी और भोपाल में यूएनएफपीए के सहयोग से जुलाई-अगस्त, 2015 में एनसीईआरटी में पांच दिवसीय विमर्शी कार्यशाला आयोजित की गईं। किशोरों के विभिन्न मुद्दों और चिंतन

### 3.12.4 Interactive Workshops for Teachers

A five day AEP Interactive Workshop for teachers of NIOS, KVs, and JNVs was organised at NCERT in collaboration with UNFPA at Delhi, Gaya, Guwahati and Bhopal in July-August, 2015. Sessions were conducted covering different

के विषयों को शामिल करते हुए सत्र आयोजित किए गए। साथ ही, विभिन्न गतिविधियाँ भी करायी गईं जिनसे अवधारणा की बेहतर समझ हो सके। 180 से अधिक शिक्षकों ने कार्यशालाओं में हिस्सा लिया।

### 3.12.5 मित्र : किशोर सहायता केंद्र

एनआईओएस, क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर, ओडिशा में किशोर सहायक स्थान प्रदान करने के लिए 2010 में एक प्रयोग के रूप में मित्र की स्थापना की गई थी। मित्र किशोरों के विषयों और मुद्दों पर कार्य करता है जिसका उद्देश्य जीवन कौशल शिक्षा की विभिन्न रणनीतियों द्वारा शिक्षार्थी की योग्यता विकसित करना है। भुवनेश्वर में मित्र ने वर्ष 2015 के दौरान विभिन्न कार्यशालाएँ की। हमारे शिक्षार्थियों के लिए निरंतर परामर्श सत्र आयोजित करने के अतिरिक्त, मित्र परिचय कार्यक्रम, वयस्क होने संबंधी कार्यशालाएँ, नशीले पदार्थों के सेवन के विरुद्ध जागरुकता उत्पन्न करना और जीवन कौशल शिक्षा पर समन्वयकों/अनुशिक्षकों का अभिविन्यास कार्यक्रम भी आयोजित करता है। वर्ष 2015 के दौरान मित्र परामर्श सत्र के द्वारा कुल 1500 शिक्षार्थियों को लाभ प्राप्त हुआ।



### 3.12.6 ग्रीष्म प्रशिक्षुता कार्यक्रम

एईपी प्रशिक्षुता कार्यक्रम 2015 के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों से दो प्रशिक्षु एईपी इकाई, एनआईओएस में जुलाई–अगस्त, 2015 में आए। सुश्री शीतल यादव, केंद्रीय शिक्षा संस्थान, दिल्ली से एम.एड. कर रही हैं, वे जून 16, 2015 को एईपी इकाई में शामिल हुई। अपनी प्रशिक्षुता के दौरान उन्होंने एनआईओएस के मूक्स कार्यक्रम पर काम किया। श्री श्रेय मलिक, अंसल विश्वविद्यालय, गुरूग्राम से डिजाइनर डिजिटल मार्केटिंग कर रहे हैं और एईपी इकाई में जून 17, 2015 में प्रशिक्षु के रूप में शामिल हुए। अपने निपुण डिजाइनिंग कौशलों के साथ उन्होंने एलईए–2015 के लिए दिशा–निर्देश, बैनर, लोगो और टैगलाइन, टीजर पोस्टर, पंजीकरण फार्म डिजाइन किए जिनकी दर्शकों द्वारा अत्यधिक प्रशंसा की गई।

### 3.12.7 द्विभाषी फिल्म का निर्माण

शैक्षिक मूल्यांकन भाग 1 और भाग 2 वर्ष 2015 में पूरे हुए। इन फिल्मों की पटकथा वर्ष 2014 में तैयार की गई जबकि फिल्मांकन, संपादन और निर्माण पश्चात कार्य 2015 में किया गया। फिल्मों का विमोचन एलईए–2015 के उद्घाटन समारोह में किया गया। फिल्मों की प्रतियाँ अनुशिक्षकों को चुनिंदा स्थानों पर वितरित की गईं जिनसे कार्यक्रम का सफल संस्थायीकरण दर्शाया गया है।

### 3.12.8 अक्षमता वाले शिक्षार्थियों के लिए प्रावधानों का परिशोधन

एनआईओएस परीक्षाओं के दौरान अक्षमताओं वाले शिक्षार्थियों के लिए प्रावधान जैसा कि सिद्धांत परीक्षाओं के लिए केंद्र अधीक्षकों

issues and concerns of the adolescents along with varied activities for better understanding of the concept. More than 180 teachers participated in the workshop.

### 3.12.5 Mitra: The Adolescent Friendly Centre

Mitra was set up as a pilot intervention in 2010 to provide adolescent friendly space within the NIOS regional centre in Bhubaneswar, Odisha. Mitra addresses the issue and concerns of adolescents with an objective of developing learners' potential through various strategies of life skills education. The Mitra at Bhubaneswar was actively involved in organising various workshops during 2015. Apart from the one to one counselling sessions to our learners, Mitra also conducted the Induction Programme, Workshops on Growing Up, Creating Awareness against Sexual Abuse, and Orientation Programme of Coordinators/Tutors on Life Skill Education. 1500 learners benefited through Mitra Counseling Sessions provided during 2015.

### 3.12.6 Summer Internship Programme

Under AEP Internship programme 2015, two interns from different fields joined AEP Unit, NIOS from July to August, 2015. Ms. Sheetal Yadav pursuing her Masters in Education from the Central Institute of Education, Delhi, joined the AEP Unit on June 16, 2015. During her internship, she worked on the MOOCs programme of NIOS. Mr. Shrey Malik pursuing his Designer Digital Marketing from the Ansal University Gurgaon joined AEP Unit as an intern on June 17, 2015. With his proficient designing skills, he designed guidelines, banner, logo and tagline, teaser posters, registration forms for LEA 2015, which was highly appreciated by viewers.

### 3.12.7 Production of Bilingual Film

Educational Evaluation Part 1 and Part 2 were completed in year 2015. The script of the films was developed under AEP in year 2014 while the shooting, editing and post production work accomplished during 2015. The films were released during the inaugural ceremony of LEA-2015. Copies of the films were distributed to tutors at selected places reflecting successful institutionalization of the programme.

### 3.12.8 Revision of Provisions for Learners with Disability

Provisions for Learners with Disabilities during NIOS examinations as appear in the Guidelines for Centre

के लिए दिशा–निर्देश में दिखाए गए हैं। उनमें परिशोधन किया गया। अद्यतन दिशा–निर्देश एनआईओएस वेबसाइट पर निम्नलिखित लिंक पर अपलोड किए गए :

http://www.nios.ac.in/departmentsunits/evaluation/general-and-specific-relaxations-(disability-wise)-during-nios-examination.aspx

## 3.13 संकाय सदस्यों के शैक्षिक क्रेडिट/योगदान

1. **डॉ. कुलदीप अग्रवाल, पूर्व निदेशक (शैक्षिक),** *सम्मेलन 30 नवंबर से 2 दिसंबर, 2015 को कुवालालुंपुर कन्वेंशन सेंटर (केएलसीसी) क्वालिटी एजुकेशन थ्रू ओपन स्कूलिंग : केस स्टडी ऑफ द लार्जेस्ट ओपन स्कूलिंग सिस्टम इन द वर्ल्ड पर 29वीं एशियन एसोसिएशन ऑफ ओपन यूनिवर्सिटिज कॉफ्रेंस में हिस्सा लिया।*

2. **श्रीमती तरुण, शैक्षिक अधिकारी (भूगोल)**
**सम्मेलन :** जुलाई 14, 2015 को आरपीवीवी, लाजपत नगर में इको क्लब शिक्षकों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन पर व्याख्यान।

3. **डॉ. शोएब रज़ा खान, शैक्षिक अधिकारी (उर्दू)**
**प्रकाशन :** *बागो बहार का उस्लूव्यंती मुताला, एनसीपीयूएल, मा.सं.वि.मं., भारत सरकार, 2015, नई दिल्ली*

   **सम्मेलन :** *उर्दू जबां और ओपन स्कूलिंग, राष्ट्रीय संगोष्ठी, बुल्बुत्ते, मुंबई, 2015 द्वारा आयोजित।*

   *हल्की फुल्की रचना, नफरत तू न गयी मेरे मन से, राष्ट्रीय दिल्ली उर्दू अकादमी, भारत सरकार, दिल्ली, 2016 द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी।*

4. **डॉ. चुन्नू प्रसाद, शैक्षिक अधिकारी (राजनीति विज्ञान)**
**प्रकाशन :** *सोश्यो इकॉनोमिक कास्ट सेन्सस 2011: अ केस ऑफ शिड्यूल्ड कास्ट्स ऑफ नार्थ ईस्ट इंडिया, द वॉयस : एक अंतर्राष्ट्रीय रेफरीड रिसर्च जर्नल, आईएसएसएन नं.: 2348-6708, अंक11, सं.11, जून 2015, पृ. 1-10.*

   *अंडरस्टैंडिंग डिसेबिलिटी एज सोशल ग्रुप्स इन रेफरेंस टू शिड्यूल्ड कास्ट एंड शिड्यूल्ड ट्राइब्स ऑफ इंडिया, द वॉयस : एक अंतर्राष्ट्रीय रेफरीड रिसर्च जर्नल आईएसएसएन नं.: 2348-6708, अंक 11, सं. 4, दिसंबर, 2015, पृ. 22-38*

   **सम्मेलन :** *सोश्यो-इकोनॉमिक कास्ट सेंसस 2011 : अ केस ऑफ शिड्यूल्ड कास्ट्स ऑफ नार्थ ईस्ट इंडिया, एथनिसिटी एण्ड डेवलपमेंट इन साउथ एशिया : इश्यूज एंड चैलेंजिस पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), नई दिल्ली द्वारा 21-22 जनवरी, 2106 में आयोजित।*

Superintendents for Theory Examinations were revised. Updated Guidelines have been uploaded on NIOS website at following link:

http://www.nios.ac.in/departmentsunits/evaluation/general-and-specific-relaxations-(disability-wise)-during-nios-examination.aspx

## 3.13 Academic Credits/Contribution of the Faculty

1. Dr. Kuldeep Agarwal, Former Director (Academic)
**Conference:** *'Quality Education through Open Schooling: Case Study of the Largest Open Schooling System in the World' in 29th Asian Association of Open Universities Conference held at the Kuala Lumpur Convention Centre (KLCC) from 30th November to 2nd December 2015.*

2. Ms. Tarun Academic Officer (Geography)
**Conference:** *Lecture on Disaster Management at RPVV, Lajpat Nagar in a Training Programme for Eco-club teachers, July 14, 2015.*

3. Dr. Shoaib Raza Khan Academic Officer (Urdu)
**Publications:** *Bago Bahar ka Usloovyanti Mutala, NCPUL, MHRD, Government of India, 2015, New Delhi.*

   **Conference:** *Urdu Jaban oor Open Schooling, National Seminar, Organized by Bulbutte, Mumbai, 2015*

   *A Lighter vein writing, NafratTu Na Gai Mere Man Se, National Seminar Organized by Delhi Urdu Academy, Government of Delhi, Delhi, 2016.*

4. **Dr. Chunnu Prasad, Academic Officer (Political Science)**

   **Publications:** *Socio-Economic Caste Census 2011: A Case of Scheduled Castes of North East India, The Voice: An international refereed research journal ISSN No: 2348-6708, Vol. II, No. II, June 2015, Pp. 1-10.*

   *Understanding Disability as Social Groups in, Reference to Scheduled Caste and Scheduled Tribes of India, The Voice: An international refereed research journal ISSN No: 2348-6708, Vol. II, No. IV, December 2015, Pp. 22-38.*

   **Conference:** *Socio-Economic Caste Census 2011: A Case of Scheduled Castes of North East India, International Seminar on Ethnicity and Development in South Asia: Issues and Challenges on 21-22 January 2016, by Indira Gandhi National Open University (IGNOU), New Delhi.*

5. **श्री सुकांत कुमार महापात्रा, शैक्षिक अधिकारी (समाजशास्त्र)**

**सम्मेलन :** *वी.वी. गिरि, राष्ट्रीय श्रम संस्थान, नोएडा द्वारा 15 जनवरी, 2016 को ''स्ट्रेंथनिंग अवेयरनेस ऑन लेबर इश्यूज फॉर नार्थ इस्टर्न स्टेट्स'' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में एजुकेशन फॉर इंप्लॉएमेंट एंड डेवलपमेंट इन नार्थ-ईस्ट : रोल ऑफ ओपन स्कूलिंग।*

6. **डॉ राजेंद्र कुमार नायक, शैक्षिक अधिकारी (गणित)**

**प्रकाशन :** *एजुकेशनल रिव्यू (एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित) पत्रिका में ''अफेक्टिवनेस ऑफ कोलाबोरेटिव कन्सेप्ट मैचिंग विद को-टीचिंग टेक्निक्ल्स इन एलिमेंटरी साइंस क्लासिज़'' विषय पर प्रकाशन की प्रक्रिया में। एनसीईआरटी, नई दिल्ली, 2016*

7. **डॉ. सौम्या राजन, शैक्षिक अधिकारी (अंग्रेजी)**

**सम्मेलन :** कुवालालुंपर कन्वेंशन सेंटर (केएलसीपी) में 30 नवंबर से 2 दिसंबर, 2015 तक आयोजित 29वीं एशियन एसोसिएशन ऑफ ओपन युनिवर्सिटीज़ सम्मेलन मे ''अ क्रिटिक ऑफ द फ्यूचर ऑफ लर्निंग - मूक्स - इन रेफरेंस टू एनआईओएस एंड वर्ल्ड प्रैक्टिसिज'' में हिस्सा लिया।

8. **डॉ. मनोज ठाकुर : अनुसंधान एवं मूल्यांकन अधिकारी**

**सम्मेलन :** कुवालालुंपर कन्वेंशन सेंटर (केएलसीपी) में 30 नवंबर से 2 दिसंबर, 2015 तक आयोजित 29वीं एशियन एसोसिएशन ऑफ ओपन युनिवर्सिटीज़ सम्मेलन में रिसर्च एंड प्रैक्टिसिज़ इन ओपन एण्ड डिस्टैंस लर्निंग फ्रॉम एनआईओएस पर्सपेक्टिव इन इंडिया में हिस्सा लिया।

9. **सुश्री मधुर भाटिया, शैक्षिक अधिकारी (अध्यापक शिक्षा)**

**प्रकाशन :** *नवतिका जर्नल ऑफ अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन, अंक-VII, सं. 1, अप्रैल 2016, आईएसएसएन 2348-8824 में 'ट्रेन्ड टीचर्स इन अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन: नीड ऑफ द आर' एक प्रपत्र प्रकाशित किया।*

भविष्य का ध्यान रखते हुए शैक्षिक विभाग, एनआईओएस अपने अनुसंधान तथा शैक्षिक स्वतंत्र उद्यमों का विकास करने तथा व्यापक बनाने का काम करेगा, शिक्षा तथा शिक्षार्थियों के बीच सामंजस्य स्थापित करेगा तथा संस्थान के दृष्टि और मिशन को प्राप्त करने के लिए अग्रसर रहेगा।

5. **Shri Sukanta Kumar Mahapatra, Academic Officer (Sociology)**

**Conference:** *Education For Employment and Development In North-East: Role Of Open Schooling, in Training programme on "Training Programme on Strengthening Awareness on Labour Issues for North Eastern States" V.V Giri National Labour Institute, NOIDA, on January 15, 2016.*

6. **Dr. Rajendra Kumar Nayak, Academic Officer (Maths)**

**Publications:** *Process of Publication in journal of Educational Review (Published by NCERT) on the topic "Effectiveness of Collaborative Concept Mapping with Co-teaching Techniques in Elementary Science Classes. NCERT, New Delhi,2016.*

7. **Dr. Saumya Rajan, Academic Officer(English)**

**Conference:** *'A Critique of the Future of Learning-MOOCs - in Reference to NIOS and World Practices' in 29th Asian Association of Open Universities Conference held at the Kuala Lumpur Convention Centre (KLCC) from 30th November to 2nd December 2015.*

8. **Dr. Manoj Thakur, Research and Evaluation Officer**

**Conference:** *Research and Practices in Open and Distance Learning From NIOS Perspective in India,* in 29th Asian Association of Open Universities Conference held at the Kuala Lumpur Convention Centre (KLCC) from 30th November to 2nd December 2015.

9. **Ms. Madhur Bhatia, Academic Officer (Teacher Education)**

**Publications:** *Published a paper on 'Trained Teachers in Early Childhood Education: Need of the Hour', Navtika Journal of Early Childhood Care and Education, Vol. VII, No. 1, April 2016, ISSN 2348-8824.*

Looking to the future, the Department will continue to grow and broaden its research and educational enterprises, will continue to build bridges between learning and learner and will continue to deliver on the institution's vision and mission.

# 4

# व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम
# Vocational Education Programme

## 4.1 परिचय

कौशल शिक्षा तथा प्रशिक्षण किसी भी देश के लिए आर्थिक उन्नति तथा सामाजिक विकास के प्रमुख प्रेरक बल हैं। भारत में 90 प्रतिशत से अधिक रोजगार 'अनौपचारिक' क्षेत्र में कम उत्पादकता वाली नौकरियों में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ है। इस प्रकार उचित कौशल की व्यवस्था देश के जनबल की कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल हो सकता है। शिक्षार्थियों को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर प्रदान कराने के लिए कौशल प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण घटक है ताकि वे राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने के लिए सक्षम हों। भारत को संसार का एक कुशल केन्द्र बनाना भारत सरकार की राष्ट्रीय प्राथमिकता है।

समाज कौशल विकास की अवधारणा को स्वीकार करता है। लेकिन इसके साथ ही इसकी महत्वपूर्ण आवश्यकताओं को समझना चाहिए। युवाओं तथा उनके अभिभावकों को यह समझना चाहिए कि एक डिग्री रोजगार प्राप्त करने के अवसर प्रदान करती है लेकिन उसके दायित्वों को निभाने की क्षमता केवल कौशल प्रदान करेगा। यहाँ हर प्रकार के कौशल का आदर होना चाहिए, चाहे वह एक सुरक्षा गार्ड हो अथवा एक प्लम्बर।

इस प्रयास में एनआईओएस के व्यावसायिक शिक्षा विभाग, कौशल भारत मिशन में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए रोजगार प्रदान करने वाले विभिन्न पाठ्यक्रम चलाता है।

## 4.2 व्यावसायिक शिक्षा विभाग

### 4.2.1 उद्देश्य

व्यावसायिक शिक्षा कुशल जनबल की मांग तथा आपूर्ति के बीच की दूरी को पाटने के लिए ज्ञान तथा कौशल आधारित योग्यता प्रदान करने की प्रारंभिक दिशा है। एनआईओएस व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों का उद्देश्य विकास के राष्ट्रीय उद्देश्य पूरा करना तथा अर्थव्यवस्था के बढ़ते क्षेत्रों के लिए कौशल तथा मध्य स्तर जनबल की जरूरतों को पूरा कर बेरोजगारी और गरीबी को दूर करना, और शिक्षार्थियों को आत्मनिर्भर व लाभप्रद स्व-रोजगार के लिए तैयार करना है।

### 4.2.2 व्यावसायिक कार्यक्रमों का प्रसार

एनआईओएस की व्यावसायिक शिक्षा अपने शिक्षार्थियों को कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाओं (एवीआई) के नेटवर्क के माध्यम से काम कर रहा है। इनका उद्देश्य शिक्षार्थियों को श्रम बाजार में प्रवेश करने के लिए

## 4.1 Introduction

Skill Education and Training are the major driving forces of economic growth and social development for any country. Over 90 percent of employment in India is in the 'informal' sector, with employees working in relatively low productivity jobs. Provision of appropriate skills may, thus, be an important intervention to increase the productivity of the country's workforce. Skill training is an important component for providing more employment opportunities to learners so as to enable them to contribute towards nation's growth. The Government of India's national priority is to make India a skill capital of the world..

Society is receptive to the concept of skill development but at the same time, it has to find its aspirational needs. The youth and their parents have to realize that a degree might give them an opportunity to do a job but only skills will facilitate sustain it. There has to be respect for each kind of them skill.

In this endeavour, to provide valuable contribution in the mission of Skill India, the Vocational Education Department of NIOS offers various job oriented courses

## 4.2 Vocational Education Department (VED)

### 4.2.1 Objectives

Vocational education is primarily directed towards providing competency based knowledge and skills to reduce the gap between the demand and supply of skilled manpower. Objectives of Vocational Education Programmes at NIOS are to fulfill the national goals of development and reduce of unemployment and poverty. VED is working to meet the need for skilled and middle-level manpower for growing sectors of economy and prepare students for self-reliance and gainful self-employment.

### 4.2.2 Dissemination of Vocational Programmes

Vocational education at NIOS is imparted through a network of Accredited Vocational Institutes (AVIs) for providing skill based training to its learners. These are aimed at preparing students for entry into the labour market.

तैयार करना है। आईटीआई, जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), विद्यालयों, महाविद्यालयों, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण की संस्थाएँ (डाइट), पैरामैडिकल प्रशिक्षण केंद्र, एनजीओ तथा अन्य विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाएँ जैसी मौजूदा संस्थाएं व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने में एनआईओएस का साथ दे रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में, एवीआई की संख्या में बहुत अधिक बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2015-16 को दौरान अत्यधिक संख्या में एवीआई के प्रत्यायन सहित मार्च, 2016 तक एवीआई की कुल संख्या 1413 थी। ये संस्थाएँ कृषि एवं पशुपालन, व्यवसाय तथा वाणिज्य, मानविकी, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी, गृह विज्ञान, स्वास्थ्य तथा पैरा मेडिकल, कम्प्यूटर तथा सूचना प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में 100 से अधिक पाठ्यक्रम कराती हैं।

The existing institutions like ITIs, Jan Shikshan Sansthans (JSS) Krishi Vigyan Kendras (KVKs), Schools, Colleges, District Institutes of Education and Training (DIETs) Paramedical Training Centres, NGOs and several other Voluntary agencies are partnering with NIOS in imparting Vocational education. In the last few years, there has been substantial increase in the number of AVIs. With accreditation of more number of AVIs during the year 2015-16, the total number of AVIs as on March 2016 was 1413. These institutions offer more than 100 courses in various areas such as Agriculture and Animal Husbandry, Business and Commerce, Humanities, Engineering and Technology, Home Science , Health and Para-Medical, Computer and Information Technology.

## 4.3 प्रवेश

एनआईओएस के व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम में प्रवेश स्तर साक्षर से लेकर 12वीं पास तक है। वर्तमान में, व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम छः माह के पाठ्यक्रम, एक वर्षीय पाठ्यक्रम, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर पर चलाए जा रहे पाठ्यक्रम, पैकेज पाठ्यक्रम तथा जीवन संवर्द्धन जैसे पाठ्यक्रम कराता है। एनआईओएस दो वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। वर्ष 2015-16 के दौरान व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में 30,990 नामांकन हुए थे।

नीचे तालिका 4.1 में दिया गया नामांकन डाटा दर्शाता है कि व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में पुरुषों की अपेक्षा लड़कियों और महिलाओं ने अधिक संख्या में प्रवेश लिया है। वर्ष 2015-16 के दौरान व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों में 64% लड़कियों तथा महिलाओं की तुलना में 36% पुरुषों ने प्रवेश लिया।

## 4.3 Admissions

The entry qualifications into the NIOS Vocational education courses is from literate to 12th pass. At present, the Vocational Education courses are offered as Six Months courses, one year courses, Stand-alone courses at the Secondary and the Senior Secondary level, Package course and Life Enrichment courses. Two year Diploma courses are also offered. During the year 2015-16, the enrolment in vocational courses was 30,990.

The Table at 4.1 below shows the enrolment data which indicates that more number of girls and women take admissions in the vocational courses than men. During 2015-16, 36% of males took admission in vocational courses as compared to 64% girls and women.

### तालिका 4.1 वर्ष 2015-16 के दौरान लिंगवार व्यावसायिक प्रवेश

| जेंडर | कुल | % |
|---|---|---|
| पुरुष | 11299 | 36.00 |
| महिलाएँ | 19691 | 64.00 |
| कुल | 30990 | 100.00 |

### Table 4.1 Gender Wise Vocational Admission during 2015-16

| Gender | Total | % |
|---|---|---|
| Male | 11299 | 36.00 |
| Female | 19691 | 64.00 |
| Total | 30990 | 100.00 |

### तालिका 4.2 वर्ष 2015-16 के दौरान श्रेणीवार व्यावसायिक प्रवेश
### Table 4.2 Category Wise Vocational Admission during 2015-16


| लिंग Gender | सामान्य General | % | अ.जा. SC | % | अ.ज.जा. ST | % | भू.से. EX. SER | % | दिव्यांग Handicapped | % | अ.पि.व. OBC | % | कुल Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पुरुष/ Male | 7373 | 65.25 | 981 | 8.68 | 572 | 5.062 | 27 | 0.23 | 70 | 0.6 | 2276 | 20.1 | 11299 |
| महिला/ Female | 13153 | 65.76 | 2343 | 11.71 | 2009 | 10.04 | 70 | 0.35 | 43 | 0.2 | 2073 | 10.4 | 19691 |
| कुल/Total | 20526 | | 3324 | | 2581 | | 97 | | 113 | | 4349 | | 30990 |

तालिका 4.2 में वर्णित वर्ष 2015-16 के लिए श्रेणीवार व्यावसायिक प्रवेश के अनुसार लगभग 65% शिक्षार्थी सामान्य श्रेणी में हैं जबकि अनुसूचित जाति में 11.71%, महिलाओं की तुलना में 8.63% , पुरुषों का नामांकन हुआ है। अ.ज.जा. श्रेणी में वर्ष 2015-16 में लगभग 5.062% पुरुषों तथा 10.04% महिलाओं का नामांकन हुआ जबकि अ.पि.वर्ग श्रेणी के मामले में वर्ष 2015-16 में 20.14% पुरुषों तथा 10.36% महिलाओं का नामांकन हुआ है।

As per the category wise vocational admission for the year 2015-16 mentioned in the above table 4.2, approximately 65% candidates are in general category while 8.68% male have enrolled in SC category as against 11.71 % female. In ST category approximately 5.062 % male and 10.04 % female enrolled in 2015-16 while in case of OBC category 20.14% males and 10.36 % female enrolled in 2015-16.

## तालिका 4.3 वर्ष 2015-16 के दौरान क्षेत्रवार व्यावसायिक प्रवेश
## Table 4.3 Region Wise Admission in Vocational Courses during 2015-16

| क्षेत्र Region | क्षे. नाम R_name | पुरुष Male | महिला Female | कुल Total |
|---|---|---|---|---|
| क्षे./Reg01 | हैदराबाद/Hyderabad | 0 | 0 | 0 |
| क्षे./Reg02 | पुणे/Pune | 174 | 108 | 282 |
| क्षे./Reg03 | कोलकाता/Kolkata | 620 | 273 | 893 |
| क्षे./Reg04 | गुवाहाटी/Guwahati | 174 | 104 | 278 |
| क्षे./Reg05 | चंडीगढ़/Chandigarh | 1552 | 1339 | 2891 |
| क्षे./Reg06 | कोच्चि/Kochi | 739 | 1370 | 2109 |
| क्षे./Reg07 | दिल्ली/Delhi | 1421 | 3638 | 5059 |
| क्षे./Reg08 | एनआईओएस मुख्या./NIOS Headquart. | Nil | 6 | 6 |
| क्षे./Reg09 | जयपुर/Jaipur | 1086 | 8042 | 9128 |
| क्षे./Reg10 | पटना/Patna | 439 | 384 | 823 |
| क्षे./Reg11 | इलाहाबाद/Allahabad | 1144 | 667 | 1811 |
| क्षे./Reg13 | भोपाल/Bhopal | 1586 | 922 | 2508 |
| क्षे./Reg14 | देहरादून/Dehradun | 465 | 361 | 826 |
| क्षे./Reg15 | भुवनेश्वर/Bhubaneshwar | 28 | 93 | 121 |
| क्षे./Reg16 | विशाखापट्टनम/Visakhapatnam | 1 | 49 | 50 |
| क्षे./Reg17 | बेंगलूरू/Bengaluru | 178 | 285 | 463 |
| क्षे./Reg18 | गांधी नगर/Gandhi Nagar | 306 | 441 | 747 |
| क्षे./Reg19 | रायपुर/Raipur | 364 | 122 | 486 |
| क्षे./Reg20 | रांची/Ranchi | 216 | 385 | 601 |
| क्षे./Reg21 | चेन्नई/Chennai | 248 | 639 | 887 |
| | **कुल योग/Grand Total** | **11299** | **19691** | **30990** |




चित्र 4.1 : व्यावसायिक पाठ्यक्रम में क्षेत्रवार प्रवेश दर्शाता ग्राफ/ Fig 4.1 Graph depicting Region Wise Admissions in Vocational Courses

वर्ष 2015-16 के दौरान क्षेत्रवार अधिकतम प्रवेश जयपुर उसके बाद दिल्ली, चंडीगढ़ तथा भोपाल में हुए।
Region wise maximum admission was in Jaipur followed by Delhi, Chandigarh and Bhopal during the year 2015-16.

### तालिका 4.4 : वर्ष 2015-16 के दौरान माध्यमवार व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश
### Table 4.5 Medium Wise Admission in Vocational Course during 2015-16


| माध्यम/ Medium | पुरुष/ Male | महिला/ Female | कुल/ Total | % |
|---|---|---|---|---|
| **हिंदी/Hindi** | 7760 | 14850 | 22610 | 72.80 |
| **अंग्रेजी/English** | 3539 | 4841 | 8380 | 26.98 |
| **कुल/Total** | **11299** | **19691** | **30990** | **100** |

माध्यमवार व्यावसायिक शिक्षा प्रवेश को दर्शाने वाली तालिका 4.4 के अनुसार वर्ष 2015-16 के लिए लगभग 72.8 प्रतिशत शिक्षार्थियों ने हिंदी माध्यम में प्रवेश लेना पसंद किया तथा 26.98 प्रतिशत ने अध्ययन के माध्यम के रूप में अंग्रेजी को वरीयता दी।

As per the table 4.4 which depicts medium wise vocational education admission for the year 2015-16, approximately 72.8% learners preferred to take admission in Hindi medium and 26.98% preferred English as medium of study.

### तालिका 4.5 : वर्ष 2015-16 के दौरान आयुवार व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश
### Table 4.5 : Age Wise Admission in Vocational Courses during 2015-16

| | आयु-वर्ग/Age-Range | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **लिंग/Gender** | **14-20** | **21-25** | **26-30** | **31-35** | **36-40** | **41-45** | **46-50** | **Above 50** | **TOTAL** |
| **पुरुष/Male** | 3986 | 3379 | 1507 | 898 | 596 | 447 | 226 | 260 | 11299 |
| **महिला/Female** | 12339 | 3785 | 1556 | 1059 | 572 | 205 | 74 | 101 | 19691 |
| **कुल/Total** | **16325** | **7164** | **3063** | **1957** | **1168** | **652** | **300** | **361** | **30990** |




चित्र 4.2: वर्ष 2015-16 के दौरान लिंगवार व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश/Fig 4.2 Vocational Courses Admission Gender wise during 2015-16

तालिका 4.5 के अनुसार महिलाओं ने मुख्य रूप से 21-25 वर्ष की आयु-वर्ग के अनुसरण के साथ-साथ 14-20 वर्ष की आयु-वर्ग में अधिकतम प्रवेश लिया।

कुछ व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम शिक्षार्थियों में विशेष रूप से लोकप्रिय हैं। वर्ष 2015-16 के दौरान सौंदर्य प्रसाधन में प्रमाणपत्र, कटाई एवं सिलाई में प्रमाणपत्र, बेसिक कम्प्यूटिंग में प्रमाणपत्र, स्वास्थ्य समुदाय में प्रमाणपत्र, इलैक्ट्रीशियन तकनीशियन, योग, कम्प्यूटर एप्लीकेशन में प्रमाणपत्र इत्यादि जैसे पाठ्यक्रमों में संतोषजनक रूप से नामांकन हुए हैं।

## 4.4 गुणात्मक सुधार

कुशल भारत के राष्ट्रीय मिशन को ध्यान मे रखते हुए, एनआईओएस विभाग विभिन्न कौशल अभिमुखी कार्यक्रमों को तैयार तथा आरंभ कर रहा है जो स्वरोजगार अथवा सांसारिक कार्य के लिए अपने शिक्षार्थियों को क्रियाशील तथा सशक्त बनाने के लिए उन की योग्यता पर आधारित हैं। राष्ट्रीय कौशल विकास कॉरपोरेशन (एनएसजीसी) ने 4,500 से अधिक राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों (एनओएस) की पहचान की, जो 1,600 से अधिक योग्यता पैकों (क्यूपी) से जुड़े हैं। प्रत्येक औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी की भूमिका अथवा योग्यता पैकों (क्यूपी) के लिए पंक्तिबद्ध राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों का एक सैट हरेक सार्थक प्रोफाइल के लिए उपलब्ध है।

इसमें नौकरियों पर विशेष ध्यान है जो इसके अंतर्गत निर्धारित पूरे 25 क्षेत्रों में सरकार के मेक इन इंडिया अभियान द्वारा उत्पन्न की जाएगी। इस परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क की अनुरूपता के लिए इसके सभी पाठ्यक्रमों में संशोधन किया जा रहा है। ताकि पाठ्यक्रमों को कौशल क्षेत्र की नियत नौकरियों से संबद्ध किया जा सके।

Maximum admissions are in the age group of 14-20 followed by 21-25 age group as shown in the above chart table 4.5.

Some Vocational education courses are very popular amongst learners. During the year 2015-16, courses such as Certificate in Beauty Culture, Certificate in Cutting and Tailoring, Certificate in Basic Computing, Certificate in Community Health, Certificate in Electrician Technician, Certificate in Yog, Certificate in Computer Applications etc., witnessed substantial enrolment.

## 4.4 Qualitative Improvement

Keeping in view the national mission of Skilling India, NIOS is preparing and offering various skill oriented programmes which are competency based to equip and empower learners for self employment or world of work . The National Skill Development Corporation (NSDC) has identified more than 4,500 National Occupational Standards (NOS), which are aligned to more than 1,600 Qualification Packs (QPs). A set of NOS aligned to a job role or QP is available for every significant profile in each industry sector.

There is a special focus on jobs that would be created by the Government's Make in India campaign across 25 sectors identified under it. Keeping in view this perspective, NIOS is in the process of revising all its courses to be National Skills Qualification Framework (NSQF) compliant so that the courses are aligned as per the sector skill's defined Job Roles.

## 4.5 स्व-अध्ययन सामग्री का तैयार करना

वर्ष 2015-16 के दौरान साउंड तकनीशियन (सेमका के सहयोग में) उद्यमिता तथा सॉफ्ट स्किल्स जैसे नए व्यावसायिक पाठ्यक्रम तैयार किए गए। मधुमक्खी पालन जैसे पाठ्यक्रमों को एनएसडीसी द्वारा सुझाए गए राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों के अनुसार संशोधित किया। ई-टंकण जैसे पाठ्यक्रमों का हिंदी में अनुवाद किया गया। राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता मिशन (एनडीएलएम) के अंतर्गत स्तर-1 के शिक्षार्थियों के लिए प्रश्न बैंक तैयार किया गया था।

वर्तमान में एनआईओएस वर्चुअल मुक्त विद्यालयी शिक्षा (वीओएस) के अंतर्गत एक डिप्लोमा तथा पांच प्रमाणपत्र कार्यक्रम करा रहा है। ये ग्रामीण प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा, कृषि तथा पशु पालन में प्रमाणपत्र, ग्रामीण उद्योगों में प्रमाणपत्र, ऊर्जा सेवाओं में प्रमाणपत्र, खाद्य संसाधन तथा आईसीटी एप्लीकेशन्स में प्रमाणपत्र इत्यादि हैं। प्रथम सत्र के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया और परिणामों की घोषणा की गई।

## 4.6 अन्य प्रमुख गतिविधियाँ

**I. ग्रामीण डाक सेवकों के लिए ग्रामीण उद्यमिता कार्यक्रम का चरण-II**

ग्रामीण डाक सेवकों की अध्ययन सामग्री का इन छः क्षेत्रीय भाषाओं पंजाबी, उर्दू, उड़िया, बंगाली, तेलुगू, मलयालम में अनुवाद किया गया। यह कार्यक्रम डाक विभाग के सहयोग से एनआईओएस तथा टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साईंस, मुंबई द्वारा तैयार किया गया।

**II ऑडियो-वीडियो सहायक सामग्री**

ऑडियो-वीडियो सामग्री, मुख्य स्व-अनुदेशात्मक सामग्री के लिए एक लाभदायक अनुपूरक है, जो शिक्षार्थियों को अत्यंत लाभप्रद लगा। यह शिक्षार्थियों द्वारा उनके अध्ययन केंद्र पर भी अभिगम्य किया जा सकता है। इस अवधि के दौरान निम्नलिखित ऑडियो/वीडियो कार्यक्रमवार तैयार किए गए :

क. डाटा एंट्री ऑपरेशन्स (पाठ्यक्रम कोड 336) तथा डाटा एंट्री ऑपरेशन्स (पाठ्यक्रम कोड 229) के लिए ऑनलाइन मूक सामग्री तथा 12 वीडियो तैयार किए गए।

ख. एनआईओएस में ''साउंड तकनीशियन'' पाठ्यक्रम के लिए दस वीडियो कार्यक्रम तैयार किए गए।

ग. वर्ष 2015-16 में 162 मुक्त वाणी कार्यक्रम प्रसारित किए गए।

## 4.7 आईएसओ 9001:2008 का क्रियान्वयन

वर्ष 2015-16 के दौरान मानक प्रचालन प्रक्रियाओं के समर्थन में व्यावसायिक शिक्षा विभाग के लिए आंतरिक तथा बाह्य लेखा परीक्षा का आयोजन किया गया जो सामग्री निर्माण, पाठ्यक्रमों के पुनर्वलेखन तथा अनुवाद, अंतर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय सहयोग इत्यादि से संबंधित विभिन्न प्रक्रिया संबद्ध नियमों के अनुसार है।

## 4.5 Self Learning Material Development

During the year 2015-16, new Vocational courses such as Sound Technician (in collaboration with CEMCA), Entrepreneurship and Soft Skills were developed . Courses like Bee Keeping were revised as per National Occupancy Standards suggested by NSDC. Courses like e-Typewriting were translated in Hindi. (Under the National Digital Literacy Mission (NDLM) , Question Bank was developed for level 1 learners).

Presently NIOS is offering one Diploma and five Certificate programmes under Virtual Open Schooling (VOS). These are Diploma in Rural Technology , Certificate in Agriculture and Animal Husbandry, Certificate in Rural Industries, Certificate In Energy Services, Certificate In Food Processing and ICT Applications . Examination for the first VOS session was conducted and results were declared.

## 4.6 Other Important Activities:

**I. Phase II of Rural Entrepreneurship Programme for Gramin Dak Sewaks**

The Study Material on Gramin Dak Sewaks was translated in six regional languages, namely, Punjabi, Urdu, Odia, Bengali, Telugu, Malayalam. This programme has been developed by NIOS and the Tata Institute of Social Sciences, Mumbai in collaboration with the Department of Posts.

**II Audio-Video Support Material**

Audio-Video material is an useful supplement to the main self instructional material which the learners find very useful. It can be accessed by the learner at their study centre. Following audio-video programmes were developed:

a. Online MOOCs content and 12 videos were developed for Data Entry Operations (course code 336) and Data Entry Operations (course code 229).

b. Ten video programmes for "Sound Technician" course were developed.

c. 162 Mukta Vani programmes were broadcast during the year 2015-16.

## 4.7 Implementation of ISO 9001:2008

During the year 2015-16 , internal and external audits were conducted for the Vocational Education Department in adherence to the standard operating procedures which include various procedural norms related to material development, revision and translation of courses, international and national collaborations, etc.

## 4.8 एनआईओएस के संदर्भ में एनएसक्यूएफ का कार्यान्वयन

वर्ष 2022 तक 500 मिलियन लोगों को कुशल बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए एनआईओएस ने एनएसडीसी द्वारा प्रदान किए गए राष्ट्रीय व्यावसयिक मानकों तथा एनएसक्यूएफ द्वारा प्रदान कराए गए मार्ग का अनुसरण करते हुए अपने पाठ्यक्रमों को संबद्ध करना आरंभ कर दिया। अनुवर्ती कौशल पर आधारित पाठ्यक्रमों राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों सहित उच्चतर माध्यमिक स्तर पर व्यावसायिक स्ट्रीम का परिचय इस प्रयास में एक ऐसा ही कदम है। निम्नलिखित पाठ्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं।

1. **इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र :** सहायक इलेक्ट्रीशियन स्तर-3, निर्माण इलेक्ट्रीशियन स्तर-4, यूपीएस तथा इन्वर्टर फील्ड तकनीशियन स्तर-4, प्लंबर सामान्य स्तर-3, सहायक मैन्यूअल एमएडब्ल्यू/एसएमएडब्ल्यू वैल्डर स्तर-2
2. **गृह विज्ञान :** सहायक सौंदर्य प्रसाधिका स्तर-3, सहायक हेयर स्टाइल स्तर-3, पैडिक्योरिस्ट तथा मैनिक्योरिस्ट स्तर-3
3. **कृषि :** धान की खेती स्तर-4, मुर्गी पालन स्तर-4
4. **स्वास्थ्य एवं पराचिकित्सा:** आयुर्वेद सहायक, पंचकर्म सहायक, योग सहायक।
5. **व्यवसाय एवं वाणिज्य :** म्युचुअल फंड एजेंट स्तर-4, जीवन बीमा एजेंट स्तर-4, खुदरा बिक्री सेवा स्तर-4
6. **कम्प्यूटर एवं आईटी :** हार्डवेयर असेंबली एवं रखरखाव स्तर-4, वेब डेवलपर स्तर-4, डोमैस्टीक बीपीओ, अंतर्राष्ट्रीय बीपीओ।

## 4.9 राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया

एनआईओएस तथा राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के बीच बिहार के चार लाख अप्रशिक्षित कम्यूनिटी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया। यह प्रोजेक्ट मा.सं.वि. मंत्री, भारत सरकार ने पटना में आरंभ किया। 25000 से अधिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता पहले ही प्रवेश ले चुके हैं।

## 4.10 इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के साथ समझौता ज्ञापन में वृद्धि

आईएमए के साथ 19 मार्च, 2016 को देशभर में 35 एवीआई के नेटवर्क के माध्यम से निम्नलिखित छ: पराचिकित्सा पाठ्यक्रमों को ऑफर करने के लिए समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण किया गया जैसे इन मेडिकल इमेजिंग टैक्नोलॉजी में डिप्लोमा, मेडिकल लेबोरेट्री प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा, ऑपरेशन थियेटर टैक्नोलॉजी में डिप्लोमा, कार्डिक टैक्नोलॉजी में डिप्लोमा, मेडिकल रिकॉर्ड टैक्नोलॉजी में डिप्लोमा, ब्लड बैंक टैक्नोलॉजी में एडवांस डिप्लोमा।

## 4.8 Implementation of NSQF in NIOS Context

Keeping in view the National goal of skilling 500 million people by 2022, NIOS has started aligning its courses with the National Occupational Standards provided by NSDC and following the pathway provided by NSQF. In this endeavor, introduction/preparation of vocational stream at Senior Secondary level with National Occupational Standards compliant skill based courses is one such step . The following courses are in the development stage:

1. **Engineering and Technology** sector : Assistant Electrician Level 3, Construction Electrician Level 4, UPS and Inverter Field Technician Level 4 , Plumber General Level 3, Assistant Manual MAW/SMAW Welder Level 2.
2. **Home Science**: Assistant Beautician Level 3, Assistant Hair Stylist Level -3, Pedicurist and Manicurist Level 3
3. **Agriculture** : Paddy Farming Level 4, Poultry Faming Level 4
4. **Health and Paramedical** : Ayurveda Assistant , Panch Karma Assistant , Yoga Assistant.
5. **Business and Commerce** : Mutual Fund Agent Level 4, Life Insurance Agent Level -4 , Retail Sales Service Level -4 .
6. **Computers and IT** : Hardware Assembly and Maintenance - Level 4 , Web Developer Level -4 , Domestic BPO , International BPO.

## 4.9 MoU signed with State Health Society:

रिपोर्ट के वर्ष के दौरान, नाम, प्रतिशत, शिक्षार्थी की जन्म तिथि, प्रवेश की पुष्टि तथा परीक्षा केन्द्र के निर्धारण आदि के सुधार करने के लिए 45 कानूनी नोटिस प्राप्त हुए। एनआईओएस के मानदण्डों के अंतर्गत अपेक्षानुसार पूर्व विवाद अवस्था पर उपयुक्त सुझाव/जवाब उपलब्ध कराकर शिक्षार्थियों की शिकायतों का समय पर निवारण किया गया। विधि अनुभाग में स्थायी प्रकृति का कार्य है।

## 7.7 जनसंपर्क

- ❖ जनसंपर्क इकाई एनआईओएस शिक्षार्थियों के साथ-साथ भावी शिक्षार्थियों से प्राप्त प्रश्नों के उत्तर देती है।

## 7.6 Legal Unit

The scopes of work of legal section are broadly presented into following areas.

**Solicitation**- Legal vetting and drafting of MOUs / Agreements/ Lease Deeds/and other legal documents with other institutions / agencies to achieve the objective of ODL Education.

**Litigation**- Defending the interest of NIOS at different Courts /Forums /Commissions/ Tribunals.

**Legal Opinion**- Opinion rendered on various legal issues pertaining to Exams, Purchase, General administration and Student Support Services.

**Coordination-** The coordination with other Departments of NIOS and its Regional Centres is done for speedy disposal of legal cases of NIOS in a time bound manner.

**Monitoring of Legal Cases/Disputes of NIOS** – Monitoring system has been developed to monitor the legal issues/ disputes and progress of cases pending in different courts across the country.

**Appearance and Evidences –** Appearance before the courts from time to time as required with desired evidences as per orders of different courts. .

### Major Achievements

Efficiently and timely handling the matter against the institution to protect the interest of the NIOS at different Courts.

**Planning for future :** Legal work is of time bound nature and it is being done within prescribed time frame viz., Drafting Plaint / developing and filing reply on the basis of departmental; Regional Centre's input for the submission to our counsel/court purposes. The day to day appearance on behalf of NIOS was made as and when required in the individual matter.

### Other Activities

During the assessment year 45 legal notices were received for correction in name, parentages, date of birth of students, confirmation of admission and fixation of examination center etc. The grievances of learners were redressed in time by providing suitable solution/reply as contemplated under the rules and regulations of the NIOS. The works in the Legal Section are of perennial nature.

## 7.7 Public Relations

- ❖ The PR Unit responded to queries received from NIOS learners as well as from prospective learners.

- एनआईओएस गतिविधियों और कार्यक्रमों को मीडिया में विज्ञापनों तथा प्रेस विज्ञप्तियों के माध्यम से प्रचारित किया गया।
- भावी शिक्षार्थियों तथा एनआईओएस शिक्षार्थियों की जानकारी के लिए ऑन लाइन प्रवेश की विभिन्न स्ट्रीमों तथा परीक्षा सूचनाओं से संबंधित विज्ञापन राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराए गए। मुख्य समाचार पत्रों में निविदा सूचनाएँ, रिक्ति सूचनाएं, विशेष आयोजन संबंधी विज्ञापन इत्यादि भी छपवाए गए।
- एनआईओएस कार्यक्रमों/गतिविधियों और रोजमर्रा की गतिविधियों जैसे प्रवेश, परीक्षा की प्रेस विज्ञप्तियों का मीडिया द्वारा प्रसार किया गया।
- विज्ञापनों तथा प्रेस सूचना जैसी प्रकाशित सामग्रियों द्वारा सूचना प्रसारित की गई।
- एनआईओएस की योजनाओं, पाठ्यक्रमों तथा कार्यक्रमों के प्रचार के लिए लोकप्रिय पत्रिकाओं में विज्ञापन प्रकाशित किए गए।
- शिक्षा सम्मेलनों में सहभागिता, सम्मेलनों इत्यादि में समन्वयन किया गया।
- एनआईओएस समाचार बुलेटिन के द्वैमासिक संस्करण तैयार किए गए और इसके लिए सूचना/आंकड़े/फोटो संकलित करने के साथ-साथ लिखित सामग्री और फोटो के कैप्शन तैयार किए गए।

- NIOS activities and programmes were covered in the Media through advertisements and press releases.
- Advertisements pertaining to different streams of Online Admission and Examination Notices were published in National and Regional Dailies for dissemination of information to prospective client groups and NIOS learners. Tender Notices, Vacancy Notices, events related advertisements etc., were also published in dailies.
- Press Releases of NIOS programmes/activities and routine activities such as admission and examination were disseminated through Media.
- Facilitated dissemination of published materials such as advertisements and press clippings.
- Advertisements were released in popular magazines to popularise NIOS Schemes, courses and programmes.
- Participation in Education Summits, Conferences etc., was coordinated.
- Bi-monthly issues of the NIOS News Bulletin were prepared by collecting and compiling information/ data/photographs.

# 8

# क्षेत्रीय सेवाएँ
# Regional Services

## 8.0 परिचय

एनआईओएस के क्षेत्रीय केन्द्र अध्ययन केन्द्रों और एनआईओएस मुख्यालय के बीच; राज्य सरकारों और एनआईओएस मुख्यालय के बीच; अध्ययन केन्द्रों और शिक्षार्थियों के बीच; शैक्षिक विशेषज्ञों और अध्ययन केन्द्रों के बीच तथा एनआईओएस और जनसाधारण के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी की भूमिका निभाते हैं। किसी क्षेत्र में एनआईओएस कार्यक्रमों और नीतियों की सफलता उस क्षेत्र के क्षेत्रीय केन्द्र की केन्द्रीय भूमिका पर निर्भर करती है। इस समय एनआईओएस देश के विभिन्न भागों में 20 क्षेत्रीय केन्द्रों : इलाहाबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, भोपाल, चंडीगढ़, दिल्ली (दिल्ली-I और दिल्ली-II) देहरादून, चेन्नई, धर्मशाला, गांधीनगर, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोची, कोलकाता, पटना, पुणे, रांची, रायपुर और विशाखापट्टनम द्वारा कार्य कर रहा है। दरभंगा और कोटा में इसके दो उपकेन्द्र हैं तथा शिलांग एवं गंगटोक में एनआईओएस केंद्र हैं। अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में पोर्ट ब्लेयर में एक प्रकोष्ठ भी स्थापित किया गया है।

## 8.0 Introduction

The Regional Centres of NIOS provide a vital and effective link between the Study Centers and the NIOS Headquarters; between the State Governments and the NIOS Headquarters; between the Study Centres and learners, between the Academic Facilitators and the Study Centres and between NIOS and general public. The success of NIOS programmes and policies in a region largely depends on the pivotal role played by the Regional Centres. Presently 20 Regional Centres at Allahabad, Bangalore, Bhubaneswar, Bhopal, Chennai, Chandigarh, Delhi (Delhi I and Delhi II), Dehradun, Dharmshala, Guwahati, Gandhinagar, Hyderabad, Jaipur, Kochi, Kolkata, Patna, Pune, Ranchi, Raipur and Visakhapatnam are functioning in different parts of the country. There are Sub-Centre at Darbhanga and Kota, NIOS Centre at Shillong and Gangtok. A Cell has also been set up at Port Blair in Andaman and Nicobar Islands.

## 8.1 क्षेत्रीय केन्द्रों के कार्य

क्षेत्रीय केंद्र मुख्यतया चार प्रकार की गतिविधियाँ करते हैं :-

1. शैक्षिक
2. प्रशासनिक
3. प्रसारात्मक
4. योजना निर्माण और मॉनीटरिंग।

सामान्य तौर पर क्षेत्रीय केन्द्रों द्वारा किए जा रहे कार्यों का एक संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है :

## 8.1 Functions of Regional Centres

Basically, the Regional Centres are required to perform four types of activities:

1. Academic
2. Administrative
3. Promotional
4. Planning and Monitoring

A brief description of the functions generally performed by the Regional Centers under each category is given below:

### 8.1.1 शैक्षिक कार्य

- ❖ मुक्त विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य आयोजित करना तथा प्रत्यायित संस्थाओं (एआई) प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाएँ (एवीआई) और प्रत्यायित एजेंसियों (एए) के कार्यान्वयन पर फीडबैक प्राप्त करना।
- ❖ मुक्त विद्यालयी शिक्षा की अध्ययन सामग्री से संबंधित आवश्यकता आधारित अनुदेशनात्मक सामग्री का विकास करना जिसमें क्षेत्रीय भाषाएँ और प्रशिक्षण पैकेज इत्यादि शामिल हैं।
- ❖ क्षेत्रीय भाषाओं में ऑडियो और वीडियो कार्यक्रमों का विकास आवश्यकतानुसार करना।

### 8.1.1 Academic Functions

- ❖ Conducting research in the area of Open Schooling and collecting feedback on the functioning of Accredited Institutions (AIs), Accredited Vocational Institutions (AVIs) and Accredited Agencies (AAs).
- ❖ Development of need based instructional material pertaining to the Open Schooling courses of study in regional languages and development of training packages.
- ❖ Development and dissemination of need based audio and video programmes in Regional languages.

❖ मुक्त विद्यालयी शिक्षा से संबंधित लोगों के लिए अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना।

❖ एनआईओएस से उत्तीर्ण हुए शिक्षार्थियों का ब्यौरा और उनकी उपलब्धियों का संकलन करना।

❖ व्याख्यानों, प्रदर्शनियों और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करना।

❖ समन्वयकों, केन्द्र अधीक्षकों और शैक्षिक विशेषज्ञों की बैठकें आयोजित करना।

### 8.1.2 प्रशासनिक कार्य

❖ प्रवेश संबंधी गतिविधियाँ– जैसे, विवरणिका की बिक्री, शुल्क प्राप्त करना, प्रवेश संबंधी आंकड़ों की प्रविष्टियाँ करना और उनकी जाँच करना, अध्ययन केन्द्रों को सूचियाँ भेजना, पहचान-पत्रों को जारी करना, क्रेडिट स्थानांतरण (टीओसी) की प्रविष्टि, जाँच एवं सत्यापन करना तथा उन्हें मुख्यालय में भेजना, विषय परिवर्तन/अतिरिक्त विषय संबंधित मामले।

❖ शिक्षार्थियों के प्रवेश और परीक्षा संबंधी रिकार्ड रखना।

❖ अध्ययन सामग्री के वितरण के लिए मुख्यालय से संपर्क करना; शिक्षार्थियों की शिकायतों का समाधान करना।

❖ एनआईओएस मुख्यालय के साथ संपर्क के दौरान प्रवेश आंकड़ों में आवश्यकता के अनुरूप संशोधन/सुधार करना।

❖ सत्यापन के लिए क्रेडिट स्थानांतरण (टीओसी) समिति की बैठकों का आयोजन करना।

❖ परीक्षा संबंधी गतिविधियाँ जैसे- शुल्क लेना, परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, शिक्षार्थियों को हॉल टिकट जारी करना, उत्तर-पुस्तिकाएँ प्राप्त करना, मूल्यांकन का गोपनीय कार्य, उत्तर-पुस्तिकाओं का निश्चित स्थान पर मूल्यांकन, मुख्यालय को अंक सूचियाँ भेजना, पुनः मूल्यांकन इत्यादि।

❖ एनआईओएस की परीक्षाओं का व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारियों, निरीक्षकों और निरीक्षण दलों की नियुक्ति करना, निरीक्षकों की रिपोर्ट का विश्लेषण एवं संकलन करके आवश्यक कार्रवाई करना, परीक्षा संबंधी बिलों का सत्यापन करना।

❖ सचिव एवं क्षेत्रीय निदेशकों के लेखा का रख-रखाव।

❖ एनआईओएस में प्रवेश, कार्यक्रमों के प्रचालन और परीक्षाओं आदि से संबंधित विविध कार्य।

❖ जन-संपर्क और शिक्षार्थियों की शिकायतों से संबंधित मामले।

❖ यह सुनिश्चित करना कि टीएमए शिक्षार्थियों द्वारा ही किये गये हैं और उनका मूल्यांकन अध्ययन केन्द्रों पर ही हुआ है।

❖ टीएमए अंकों और बिलों को योजनानुसार विद्यार्थी सहायता सेवाएँ विभाग के पास भेजना तथा क्षेत्रीय केन्द्र में उसका रिकॉर्ड रखना।

❖ Organization of short-term training programmes for Open Schooling functionaries.

❖ Follow up studies of NIOS pass outs and compilation of success stories.

❖ Arranging lectures, exhibitions and other programmes.

❖ Holding meetings of Coordinators, Centre Superintendents and Academic Facilitators.

### 8.1.2 Administrative Functions

❖ Admission related activities such as sale of Prospectus, fee realization, punching and checking of admission data, sending checklists to AIs; issue of identity cards; punching, checking and verification of Transfer of Credits (TOC) cases and forwarding the same to NIOS Headquarters, and matters related to change of subjects/additional subjects.

❖ Record keeping in respect of learners' admission and examination.

❖ Liaison with NIOS headquarters for distribution of study material and redressal of grievances of learners.

❖ Carrying out corrections/modifications in admission data as per requirement in consultation with NIOS Headquarters.

❖ Organizing meetings of Transfer of Credit (TOC) Committee for verification.

❖ Examination related activities such as fee realization, fixation of examination centres, issuing Hall Tickets to students, receipt of answer books, secrecy work, spot evaluation, sending award lists to NIOS Headquarters, re-evaluation etc.

❖ Appointment of nodal officers, observers and inspection teams for ensuring proper conduct of examinations; analysis and consolidation of observers reports; taking follow up actions; and verification of examination related bills.

❖ Maintenance of Secretary's Account and Regional Director's Account.

❖ Miscellaneous work related to NIOS admission, programme delivery and examination.

❖ Matters related to public relations and students' grievances.

❖ Ensuring that the Assignments are attempted by the candidates and are evaluated at the AIs.

❖ Forwarding TMA awards and bills to the SSS Department as per schedule and maintaining record of the same.

❖ टीएमए के 5% नमूनों की जाँच करना।

❖ संबंधित क्षेत्र के नामांकित शिक्षार्थियों के लिए ऑन डिमांड परीक्षा का आयोजन करना।

### 8.1.3 प्रसारात्मक कार्य

❖ एनआईओएस के अध्ययन केन्द्रों के रूप में कार्य करने हेतु अच्छे विद्यालयों/संस्थाओं की पहचान करना।

❖ प्रत्यायन संबंधी कार्य जैसे- विद्यालयों/संस्थाओं के प्रत्यायन हेतु निरीक्षण करना, अध्ययन केन्द्रों से संपर्क करना, अध्ययन केन्द्रों का प्रत्यायन रद्द करने से संबंधित मामले।

❖ एनआईओएस के कार्यक्रमों-प्रवेश, परीक्षा और प्रचार-प्रसार के लिए विज्ञापन देना।

❖ राज्य समन्वयन समितियों के माध्यम से क्षेत्र में मुक्त विद्यालयी शिक्षा की आवश्यकताओं का निर्धारण करना।

❖ क्षेत्र में ही राज्यों में मुक्त विद्यालयी शिक्षा के प्रसार के लिए प्रयास करना और संबंधित राज्यों को राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) की स्थापना/उन्नयन करने में परामर्श/सहायता करना।

❖ राज्य सरकारों के साथ संपर्क करना तथा मुक्त विद्यालयी शिक्षा से संबंधित मामलों में समन्वयन करना।

❖ प्रसार कार्यक्रमों का आयोजन करना।

### 8.1.4 योजना बनाना और मॉनीटरिंग करना

❖ क्षेत्रीय केन्द्र की वार्षिक योजनाएँ तैयार करना।

❖ प्रत्यायित संस्थाओं में व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रमों (पीसीपी) और अनुशिक्षक अंकित मूल्यांकन कार्य (टीएमए) सहित एनआईओएस के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग करना।

❖ अध्ययन केन्द्रों में शैक्षिक विशेषज्ञों का निर्धारण और नियुक्ति करना।

❖ क्षेत्रीय केन्द्र स्तर पर मॉनीटरिंग तथा शैक्षिक सहूलियतें प्रदान करने के लिए प्रवेश, अध्ययन केन्द्रों तथा मानव संसाधनों का डाटा बेस रखना।

❖ शैक्षिक विशेषज्ञों की रिपोर्टों का विश्लेषण करना तथा तिमाही आधार पर समेकित रिपोर्ट पर आवश्यक कार्रवाई करना तथा उन्हें मुख्यालय में भेजना।

❖ एआई/एवीआई/ओबीई केन्द्रों का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करना।

**एनआईओएस के क्षेत्रीय केन्द्रों के कार्यक्रमों और गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है :**

### एनआईओएस, क्षेत्रीय केंद्र, भोपाल

1. क्षेत्रीय केंद्र के परिसर में 5 जून, 2015 को वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

❖ Carrying out 5% sample checking of the TMAs.

❖ Conduct of On Demand Examinations for learners enrolled from the region.

### 8.1.3 Promotional Functions

❖ Identification of good schools/institutions to work as study centers.

❖ Accreditation related work such as inspection of schools/institutions for Accreditation, interaction with Study Centers and matters related to dis-accreditation of Study Centers.

❖ Advertisements regarding admission, examination and publicity of programmes.

❖ Identification of educational needs in Open Schooling in the region through State Coordination Committees.

❖ Promotion of Open Schooling in the States within the region and consultancy/assistance to the concerned states for setting up/up scaling of State Open Schools (SOSs).

❖ Liaison with State Government and coordination in matters related to Open Schooling.

❖ Organization of advocacy programmes.

### 8.1.4 Planning and Monitoring

❖ Preparation of Annual Plans of the Regional Centre.

❖ Monitoring of implementation of programmes in the Accredited Institutions including Personal Contact Programmes (PCPs) and Tutor Marked Assignment s (TMAs).

❖ Identification and allotment of Academic Facilitators to the AIs.

❖ Maintenance of the database of admission, AIs and Human Resource for monitoring and academic facilitation at the RC level.

❖ Analyzing the reports of the Academic Facilitators and preparing consolidated reports on quarterly basis for necessary action and forwarding the same to the NIOS Headquarters.

❖ Ensuring smooth functioning of AIs/AVIs/OBE Centers.

**Overview of the programmes and activities of the some of the Regional Centers of NIOS.**

### NIOS, Regional Centre Bhopal

1. Plantation at Regional Centre premises on the World Environment Day celebrated on 5 June 2015.

2. 21 जून, 2015 को एक योग गुरु को आमंत्रित कर विश्व योग दिवस मनाया गया तथा विभिन्न योगासन किए गए।

3. 26 अक्तूबर से 31 अक्तूबर, 2015 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया।

4. क्षेत्रीय केंद्र पर शिक्षार्थी, केंद्रित गतिविधि 2016 का आयोजन किया गया।

5. राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा आयोजित बेसिक साक्षरता परीक्षा का अनुवीक्षण।

**एनआईओएस क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर**

❖ **एनआईओएस अध्ययन केंद्रों के समन्वयकों तथा अनुशिक्षकों के लिए क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला**

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर ने 8 तथा 9 अगस्त, 2015 को एक दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उप-समन्वयकों को उनके निर्दिष्ट कार्यों तथा उत्तरदायित्वों से अवगत कराना था। इस राज्य के 19 जिलों से कुल 26 समन्वयक/अनुशिक्षक कार्यशाला में उपस्थित हुए।

❖ **हिंदी पखवाड़ा समारोह**

क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर में 14-28 सितंबर, 2015 तक ''हिंदी पखवाड़ा समारोह मनाया गया, जिसमें लोयला विद्यालय, भुवनेश्वर के विद्यार्थियों के लिए हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा एनआईओएस और ईएलटीआई के कार्मिकों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



❖ **परीक्षा केंद्र अधीक्षकों के लिए अभिमुखी कार्यक्रम**

एनआईओएस क्षेत्रीय केंद्र भुवनेश्वर में अक्तूबर-नवंबर, 2015 के परीक्षा केंद्र अधीक्षकों के लिए 30 सितंबर, 2015 को एक अभिमुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

2. Celebrated World Yoga Day on 21 June 2015 by inviting a Yoga Guru and performing different Yoga and Asans.

3. Celebration of Vigilance Awareness Week from 26 to 31 Oct. 2015.

4. Organization of learner's engagement activity 2016 at Regional Centre.

5. Monitoring of basic literacy exam conducted by the National Literacy Mission Authority.

**NIOS, Regional Centre, Bhubaneswar :**

❖ **Regional Training Workshop for Coordinators and Tutors of NIOS Study Centres**

A two day Regional Training Workshop was organized by the National Institute of Open Schooling Regional Centre, Bhubaneswar on 8-9 August 2015 .

The broad objective of the workshop was to provide orientation to co-coordinators about their specific roles and responsibilities. 26 coordinators/ tutors from 19 districts of the state attended the workshop.

❖ **Hindi Pakhwada Samaroha**

The "Hindi Pakhwada Samaroha" was celebrated at the Regional Centre from 14 to 28 September 2015 wherein Hindi Essay Writing Competition was organized for students of Loyola School, Bhubaneswar and a quiz competition was held among the staff of NIOS and ELTI.

❖ **Orientation Programme for Examination Centre Superintendents**

An orientation programme for examination centre superintendents of Oct-Nov 2015 was organized at NIOS, Regional Centre, Bhubaneswar on 30th September 2015.



❖ **राज्य संसाधन केंद्र के पदाधिकारियों के लिए अभिमुखी कार्यक्रम**

राज्य अनुसंधान केंद्र (अग्रगामी), रायजादा, के अनुरोध पर एनआईओएस के शिक्षार्थियों को प्रदान की जाने वाली प्रवेश प्रक्रिया तथा लचीलेपन की सुविधाओं जैसे पहलुओं से अवगत कराने के लिए एनआईओएस के क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर में 6 अक्तूबर, 2015 को एसआरसी के कार्मिकों के लिए एक अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

❖ **सतर्कता जागरूकता सप्ताह**

एनआईओएस क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर में 26 अक्तूबर, 2015 को ''सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के अनुपालन के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया।

❖ **विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन**

क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर में 5 जून, 2015 को विश्व पर्यावरण दिवस 2015 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षार्थियों के लिए पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा सभी कार्मिकों ने कार्यालय परिसर की सफाई की और नियमित रूप से पेड़ों को पानी देकर देखभाल करने की प्रतिज्ञा के साथ वृक्षारोपण किया।

❖ **67वें गणतंत्र दिवस का आयोजन**

एनआईओएस, क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर ने 26 जनवरी, 2016 को क्षेत्रीय केंद्र में 67वां गणतंत्र दिवस मनाया। क्षेत्रीय निदेशक, एनआईओएस ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

❖ **शिक्षार्थी कार्य गतिविधि - 2015**

भुवनेश्वर क्षेत्र में सीएसबी जिला स्कूल, साम्बलपुर में 7 दिसंबर, 2015 को एलईए (शिक्षार्थी कार्य गतिविधि) - 2015 का आयोजन किया गया। साम्बलपुर, झारसुगुडा तथा सुंदरगढ़ नामक पश्चिमी ओडिशा जिलों से अभिनय नाटक, पोस्टर निर्माण तथा सृजनात्मक लेखन जैसी गतिविधियों में एनआईओएस के कुल 70 शिक्षार्थियों ने भाग लिया। डॉ. श्रीकांत महापात्रा, ओएसडी, राज्य मुक्त विश्वविद्यालय, ओडिशा, साम्बलपुर ने विजेताओं को पुरस्कारों तथा प्रमाणपत्रों से सम्मानित किया।

❖ **क्षेत्रीय केंद्र सलाहकार समिति की बैठक**

क्षेत्र विशेष से संबंधित पाठ्यक्रमों तथा कार्यक्रमों पर चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों को मॉनीटर करने, सुधार का सुझाव तथा कार्य योजना बनाने के लिए एनआईओएस, क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर की आरसीएसी (क्षेत्रीय केंद्र सलाहकार समिति) की दूसरी बैठक 30 मार्च, 2016 को आयोजित की गई।

❖ **शिक्षार्थियों के लिए परिचय कार्यक्रम**

क्षेत्रीय केंद्र ने शिक्षार्थियों के हित के लिए बहुत से प्रेरक कार्यक्रमों का आयोजन किया।

❖ **Orientation Programme for the Functionaries of State Resource Centre**

On the request of State Resource Centre (AGRAGAMEE), Rayagada, an orientation programme was organized for the staff of SRC at NIOS Regional Centre, Bhubaneswar on 6th October 2015 covering key aspects like admission process and flexibilities and facilities offered to learners at NIOS.

❖ **Vigilance Awareness Week**

Marking the observance of "Vigilance Awareness Week", a meeting was organized at NIOS Regional Centre, Bhubaneswar on 26th October 2015.

❖ **Celebration of World Environment Day**

The World Environment Day 2015 was celebrated at Regional Centre, Bhubaneswar on 5th June 2015. On this occasion, poster making completion for children was organized and all the staff cleaned the office campus and planted trees with a pledge to take care of trees by watering regularly.

❖ **Celebration of 67th Republic Day**

The NIOS, Regional Centre, Bhubaneswar celebrated the 67th Republic Day on 26th January 2016 at the Regional Centre. The Regional Director, NIOS hoisted the National flag.

❖ **Learners Engagement Activity-2015**

The LEA (Learners Engagement Activity)-2015 under Bhubaneswar Region was conducted at CSB Zilla School, Sambalpur on 7th December 2015. 70 NIOS learners from western Odisha districts namely Sambalpur, Jharsuguda and Sundergarh participated in activities like Role Play, Poster Making and Creative Writing. Winners were felicitated with prizes and certificates by Dr. Srikant Mohapatra-OSD, Odisha State Open University, Sambalpur.

❖ **Regional Centre Advisory Committee Meeting**

The second RCAC (Regional Centre Advisory Committee) meeting of NIOS, Regional Centre, Bhubaneswar was held on 30 March 2016 to monitor the ongoing programmes, suggest improvements, strategy and develop plan of action with a focus on region specific courses and programmes.

❖ **Induction Programme for Learners:**

The Regional Centre organized many induction programmes for benefit of learners.

## नई पहल

❖ **एनआईओएस तथा ओडिशा सरकार के बीच समझौता ज्ञापन**

एनआईओएस ने एसआईओएस (मुक्त विद्यालयी राज्य संस्थान), ओडिशा के माध्यम से राज्य में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के विकास, सहायता तथा बढ़ावा देने के लिए 23 दिसंबर, 2015 को ओडिशा सरकार (स्कूल एवं समूह शिक्षा विभाग) के साथ औपचारिक रूप से एक समझौता ज्ञापन किया, जो बहुत जल्द क्रियाशील होगा। श्री सी. धारूमन, सचिव, एनआईओएस, नोएडा तथा श्री प्रदीप कुमार बिसवाल, आईएएस, निदेशक, एसआईओएस, ओडिशा ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

❖ **क्षेत्रीय केंद्र, भुवनेश्वर में आईएमपीसीसी की बैठक**

पारदर्शिता को बढ़ाने तथा अन्य सरकारी कार्यालयों और संस्थाओं को एनआईओएस से अवगत कराने के लिए क्षेत्रीय केंद्र ने फरवरी, 2016 के दौरान आईएमपीसीसी की बैठक का आयोजन किया।

## एनआईओएस क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता

क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता का मुख्य उद्देश्य विभिन्न गतिशील गतिविधियों के माध्यम से एनआईओएस कार्यक्रम को लोकप्रिय बनाना, निम्न साक्षर जिलों में एनआईओएस का प्रसार करना, संस्थाओं की सकारात्मक छवि बनाना था। क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता ने बड़ी प्रवर्तनों तथा गतिविधियों का निष्पादन निम्नानुसार किया गया :

### शैक्षिक गतिविधियाँ

❖ **क्षेत्रीय माध्यमों में आरईपी तैयार करना :**

ग्रामीण उद्योग उपक्रम कार्यक्रम के पाँच भागों का बांग्ला में अनुवाद किया गया। इन मॉड्यूलों के नाम आइडिया ऑफ इंडिया (465), उद्योग उपक्रम (466), बेसिक कम्प्यूटिंग (467), लेखांकन एवं वित्तिय (468) तथा बैंकिंग एवं बीमा (470) है। यह पाठ्यक्रम पश्चिम बंगाल के भारतीय डाक के डाक सेवकों के लिए तैयार किया गया था।

❖ उच्चतर माध्यमिक स्व-अध्ययन सामग्री बांग्ला भाषा में तैयार की गई। इसके अतिरिक्त वर्ष 2015-16 के लिए एसाइंटमेंट बांग्ला भाषा (माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक) और नेपाली भाषा (231) में तैयार किया गया।

❖ **योग दिवस मनाया गया**

राष्ट्रीय योग दिवस की संध्या पर 22 जून, 2015 को क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता में योग पर एक सत्र तथा सीधे प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

## NEW INITIATIVES

❖ **MOU Between the NIOS and the Government of Odisha**

The NIOS has formally entered into an MOU with the Government of Odisha (Dept. of School and Mass Education) on 23 December 2015 for developing, supporting and strengthening the open and distance education in the state through SIOS (State Institute of Open Schooling), Odisha which has been made functional recently. Shri C. Dharuman, Secretary, NIOS, Noida and, Shri Pradeep Kumar Biswal, IAS, Director, SIOS, Odisha signed the MOU.

❖ **IMPCC Meeting at Regional Centre, Bhubaneswar**

In order to increase the visibility and make the other government offices and institutions aware about NIOS, the Regional Centre hosted the IMPCC meeting held during the month of February, 2016.

## NIOS, Regional Centre, Kolkata:

The main focus of Regional centre Kolkata was to popularize NIOS programmes through various promotional activities, expansion of NIOS reach in low literacy districts, building positive image of the institutions. The major initiatives taken and activities performed by the Regional Centre Kolkata were as under:

### Academic Functions

❖ **Developed REP Module in Regional Medium:**

Five modules of Rural Entrepreneurship Programme (REP) were translated into Bengali. The names of the modules are Idea of India (465); Entrepreneurship (466); Basic Computing (467); Accounting and Finance (468) and Banking and Insurance (470). This course was developed for the DAK sewaks of India Post of West Bengal.

❖ Developed Sr. Secondary Self Learning Materials in Bengali language. Additionally, developed Assignments in Bengali Language (Secondary and Senior Secondary) and Nepali Language(231) for the year 2015-'16.



❖ **Celebrated Yoga Day:**

On the eve of International Yoga Day, a session and live demonstration on Yoga was organized at the Regional Centre, Kolkata on 22 June 2015.

❖ **स्वच्छ भारत अभियान :**

क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता तथा इसके निकटतम क्षेत्रों से संबंधित सफाई की महत्वपूर्ण गतिविधियों पर प्रकाश डालने के लिए 22 से 26 जून, 2015 तक स्वच्छ भारत अभियान – एक विशेष सफाई अभियान का अनुपालन किया गया।

❖ **पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन**

मुख्यालय में आरंभ हुए कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन (सीआरएस) कार्यक्रम के दौरान 13 जुलाई, 2015 को क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता में शिक्षार्थियों के बीच एक जागरूकता कार्यक्रम के रूप में पोस्टर निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

❖ **क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन**

सह–समन्वयकों/अनुशिक्षकों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से निरंतर मूल्यांकन इत्यादि के लिए उनके विशेष कर्त्तव्यों तथा जिम्मेदारियों, अनुवीक्षण के विभिन्न तरीकों के बारे में 8–9 अगस्त, 2015 को क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता में क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

❖ **स्वतंत्रता दिवस मनाया गया**

क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता में 15 अगस्त, 2015 को 69वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

❖ **एलईए मेला 2015 का आयोजन किया गया**

एलईए मेला – 2015 का आयोजन पश्चिम बंगाल के दो केंद्रों तथा सिक्किम के तीन केंद्रों में 7 से 10 दिसंबर तक किया गया।

❖ **हिंदी पखवाड़ा का आयोजन**

हिंदी पखवाड़ा का आयोजन 14 से 18 सितंबर, 2015 तक किया गया, इसमें हिंदी में अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

❖ **21 फरवरी, 2016 को मातृभाषा दिवस मनाया गया**

एनआईओएस क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता में मातृभाषा का प्रयोग बढ़ाने के लिए 21 फरवरी, 2016 को राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया।

❖ **आशा प्रमाणपत्र कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन**

चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सीआईएनआई), जोका, साउथ 24 परगना, पश्चिम बंगाल में 14–19 मार्च, 2016 तक आशा प्रमाणपत्र कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य प्रशिक्षकों के लिए पुनश्चर्या सह प्रमाणपत्र कार्यशाला का आयोजन किया गया।




❖ **Swachh Bharat Abhiyan:**

Swachh Bharat Abhiyan -a special cleanliness drive was observed from 22 to 26 June 2015 to focus on the precise activities of cleanliness related to Regional office –Kolkata and its adjoining areas.

❖ **Organized Poster making Competition:**

In pursuance of Community Radio Station (CRS) programme initiated at HQs, a poster making competition amongst learners was conducted at Regional centre Kolkata on 13 July, 2015 as an awareness programme.

❖ **Organised Regional Training Workshop:**

A Regional training workshop was held on 8-9 August 2015 at the Regional Centre Kolkata with a purpose of training the co-coordinators/tutors about their specific roles and responsibilities, various monitoring methods for continuous evaluation etc.

❖ **Celebrated Independence Day:**

The 69th Independence Day was celebrated on 15 August, 2015 at the Regional Centre, Kolkata.

❖ **Organized LEA Fair 2015:**

LEA fair- 2015 was conducted in two Centres of West Bengal and three Centres of Sikkim from 7 to 10 December, 2015.

❖ **Celebrated Hindi Pakhwada :**

The Hindi Pakhwada was conducted from 14 to 28 September, 2015 where various competitions in Hindi were organized.

❖ **Celebrated Mother Tongue Day on 21 February 2016**

The International Mother Tongue Day was celebrated at NIOS Regional Centre, Kolkata on 21 February 2016 to encourage the use of mother tongue.

❖ **Training workshop organised under ASHA Certification Programme**

A Refresher-cum-Certification workshop for State Trainers under ASHA Certification Programme was held at Child in Need Institute (CINI), Joka, South 24 Parganas, West Bengal from 14 to 19, March, 2016. 21 state trainers from Arunachal Pradesh, Assam,

अरुणाचल प्रदेश, असम, सिक्किम, त्रिपुरा, कर्नाटक तथा पंजाब से कुल 21 राज्य प्रशिक्षक इस कार्यशाला में उपस्थित हुए तथा सिद्धांत और प्रायोगिक मूल्यांकन में बैठे।

- **मानव संसाधन विकास, सिक्किम सरकार में बैठक का आयोजन:** मानव संसाधन विकास विभाग (एचआरडी), गंगटोक, सिक्किम सरकार में 26 सितंबर, 2015 को एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। मा.सं.वि. सिक्कम सरकार एनआईओएस प्रकोष्ठ गंगटोक स्थापित करने के लिए स्थान प्रदान कर रहा है।

- **समन्वयकों के साथ एफवीटीआरएस की बैठक :** कार्यात्मक व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा अनुसंधान सोसाइटी ने भारतीय प्रशिक्षण एवं विकास संस्थान, कोलकाता में 28-30 जनवरी, 2016 तक पूर्वी तथा पश्चिमी-पूर्वी राज्यों के परियोजना समन्वयकों की तीन दिवसीय समन्वयक बैठक का आयोजन किया।

- **के.वि. गंगटोक में 13 फरवरी, 2016 को एआई की बैठक का आयोजन :** केंद्रीय विद्यालय, गंगटोक में 13 फरवरी, 2016 को एआई समन्वयकों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री सी. धारूमन, सचिव, एनआईओएस ने की।

- **एआईआर कार्यक्रम में प्रतिभागिता :**

  एनआईओएस कार्यक्रमों को जन साधारण तक फैलाने के लिए श्री शुभेन्दु शेखर दास, क्षेत्रीय निदेशक, कोलकाता, 5 जून, 2015 को एक विशेषज्ञ के रूप में एक सीधे एआईआर कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में परिचर्चा का विषय ''एनआईओएस में व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम का कार्यक्रम'' था।

- **डीडी बांग्ला में सीधा प्रसारण**

  दूरदर्शन केंद्र, कोलकाता ने श्री शुभेन्दु शेखर दास, क्षेत्रीय निदेशक, एनआईओएस, कोलकाता को 25 फरवरी, 2016 तथा 3 मार्च, 2016 को ''डी.डी. बांग्ला करियर प्लस'' कार्यक्रम में सीधे फोन के लिए आमंत्रित किया। ''मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से योग्यताओं में वृद्धि'' तथा ''मुक्त विद्यालयी शिक्षा के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा'' कार्यक्रमों के विषय थे।

- **निम्न शिक्षा जिलों में एनआईओएस होर्डिंगों का प्रदर्शन:**

  पश्चिम बंगाल के पुरौलिया, बांकुरा और वीरभूम नामक निम्न साक्षरता जिलों में एनआईओएस गतिविधियों के प्रचार के लिए होर्डिंग प्रदर्शित किये गये।

### एनआईओएस, क्षेत्रीय केंद्र, रांची

- महामहिम सुश्री द्रौपदी मुर्मु, राज्यपाल, झारखंड ने डॉ. ए.के. सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, एनआईओएस को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें **'गुरू शिक्षा सम्मान'** से पुरस्कृत किया गया।

Sikkim, Tripura, Karnataka and Punjab attended this workshop and appeared in theory and practical Assessment.

- **Organised Meeting in HRD, Govt of Sikkim:** A one day meeting was held at Human Resource Development Deptt (HRD), Gangtok, Govt of Sikkim on 26 September 2015 . HRD Govt of Sikkim is providing space for setting up NIOS Cell in Gangtok.

- **Attended Coordinators Meeting of FVTRS :** Functional Vocational Training and Research Society organised three day Coordinators Meet of their Project Coordinators of East and North East States at the Indian Institute of Training and Development, Kolkata from 28 to 30 January 2016.

- **AI Coordinators Meet held at KV Gangtok**

  A meeting of AI Coordinators was held in KENDRIYA VIDYALAYA, Gangtok on 13 February 2016. The meeting was chaired by Shri C. Dharuman, Secretary, NIOS.

- **Participated in AIR Programme:**

  In order to spread the NIOS programmes at grass root level, Shri Suvendu Sekhar Das, Regional Director Kolkata attended a live AIR programme on 5 June 2015 as a Resource Person. The topic of discussion in the programme was “Scope of Vocational Education Courses in NIOS”

- **Live programme in DD Bangla**

  The Doordarshan Kendra, Kolkata, invited Shri Suvendu Sekhar Das, Regional Director, NIOS, Kolkata for Live phone in programme “DD Bangla-Career Plus” on 25 February, 2016 and on 3 March 2016. The Titles of the Programmes were “Up-gradation of qualifications through Open and Distance Learning”and “Vocational Education through Open Schooling".

- **Displayed NIOS Hoardings in Low Literacy Districts:**

  For publicity of NIOS activities, hoardings were displayed in low literacy districts of West Bengal, namely, Purulia, Bankura and Birbhum.

### NIOS, Regional Centre, Ranchi

- Her Excellency the Governor of Jharkhand Ms. Dropadi Murmu awarded GURU SHIKSHA SAMMAN to Regional Director NIOS, Dr. A.K.Singh, for his outstanding contribution in the field of education.

- ❖ स्ट्रीम-1 2015-16 में माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों पर स्वास्थ्य विभाग, झारखंड सरकार के माध्यम से 2000 ''साहिया'' (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता) शिक्षार्थियों को नामांकित किया गया।
- ❖ अगस्त, 2015 से स्टेक धारकों के साथ-साथ एनआईओएस शिक्षार्थियों के लिए एसएमएस अलर्ट आरंभ किया गया।
- ❖ ग्रामीण सशक्तिकरण के लिए तेजस्वनी परियोजना के अंतर्गत विश्व बैंक एवं झारखंड सरकार के सहयोग से किशोर, बालिकाओं तथा युवा महिलाओं के लिए एक एनएफई तथा कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- ❖ कॉर्पोरेट की सामाजिक जिम्मेदारियों (सीएसआर) के अंतर्गत सेल, बोकारो, ने माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों के लिए 1400 ग्रामीण महिलाओं का नामांकन किया।
- ❖ क्षेत्रीय केंद्र रांची ने माननीय प्रो. चन्द्र भूषण शर्मा, अध्यक्ष, एनआईओएस के नेतृत्व में दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची में नई शिक्षा नीति पर संगोष्ठी का आयोजन किया।
- ❖ झारखंड में 84 केंद्रीय सरकारी संगठनों के बीच सहायक संस्थाओं ने 18.02.2016 को डीआरएम दक्षिण पूर्वी रेलवे, हातिया, रांची द्वारा आयोजित **''नगर राजभाषा क्रियान्वयन समिति (नराकास)** के कार्यक्रम में भाग लिया।
- ❖ **क्षेत्रीय केंद्र रांची में आरसीएसी की पहली बैठक**

  डॉ. शिव कुमार जी.एन., क्षेत्रीय निदेशक, इग्नू, रांची को आरसीएसी, एनआईओएस, क्षेत्रीय केंद्र, रांची के अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया। डॉ. अनिल कुमार सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, एनआईओएस, क्षे.के. रांची के समन्वयन में डॉ. नागेंद्र गोयल, उपायुक्त, के.वी.एस., क्षे.के. रांची, श्री अरविंद कुमार झा, संयुक्त सचिव, जेएसी, डॉ. राम सिंह, प्राचार्या, डीपीएस, रांची समिति के सदस्यों के रूप में उपस्थित हुए।
- ❖ **क्षेत्रीय केंद्र द्वारा प्रसार सहायक कार्यक्रम की शुरूआत की :**

क. एनआईओएस के कार्यों/गतिविधियों के बारे में 16.10.2015 को डी.डी. झारखंड पर सीधी वार्ता का प्रसारण।

ख. टेलीकांफ्रेंसिंग द्वारा झारखंड की जनता के साथ पारस्परिक क्रिया तथा प्रश्नोत्तरी सत्र का अग्रणी समाचार पत्र ''दैनिक जागरण तथा दैनिक भास्कर'' में प्रकाशित किया गया।




- ❖ 2000 "Sahiya" (Ladies Health worker ) learners have been enrolled through the Health Department, Govt. of Jharkhand in Stream-I 2015-16 for Secondary/Sr. Secondary courses.
- ❖ SMS alert has been started for the NIOS learners as well as stakeholders w.e.f Aug 2015.
- ❖ A NFE and Skill Training workshop was conducted for Adolescent Girls and Young Women under Tejaswani Project in collaboration with the world Bank & the Govt of Jharkhand for rural empowerment .
- ❖ Under Corporate Social Responsibility (CSR), SAIL, Bokaro has enrolled 1400 rural women for Secondary/ Sr. Secondary courses.
- ❖ A Seminar on New Education Policy was conducted by RC Ranchi at Delhi Public School, Ranchi under the leadership of the Chairman NIOS Prof. Chandra Bhushan Sharma.
- ❖ Advocacy for 84 Central Govt. organization in Jharkhand who participated in **"Nagar Rajbhasa Kriyanvayan Samiti (NARAKAS)** program organized by DRM South Eastern Railway at Hatia Ranchi on 18.02.2016.
- ❖ **First RCAC Meeting at Regional Centre Ranchi.**

  Dr. Shiva Kumar G. N., Regional Director, IGNOU Ranchi ,was named as a Chairperson of RCAC, NIOS RC Ranchi . Dr. Nagendra Goyal, Dy. Commissioner, K.V.S RO, Ranchi , Sh. Arvind Kumar Jha, Jt. Secretary, JAC, Dr. Ram Singh, Principal DPS Ranchi were present as members of this committee in coordination with **Dr. Anil Kumar Singh,** Regional Director, NIOS, RC, Ranchi.
- ❖ **Advocacy Programme initiated by Regional Centre :**

a. Live talk show broadcast on 16.10.2015 on DD Jharkhand about functioning of NIOS .

b. Interaction and questionnaire session with the people of Jharkhand via teleconferencing was publish in the leading newspaper "Danik jagran and Danik Bhashkar".

ग. क्षे.कि. रांची ने झारखंड के पाल्मु जिले में 30.09.2015 को सहायक कार्यक्रम का आयोजन किया।

घ. एनआईओएस – एनएलएमए ने झारखंड में 23.08.2015 को 11वां बेसिक साक्षरता मूल्यांकन कार्यक्रम का आयोजन किया तथा क्षे.के. रांची द्वारा इसको मॉनीटर किया गया।।

## क्षेत्रीय केंद्र, दिल्ली

❖ वंदना इंटरनेशनल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, द्वारका में 8-9 अगस्त, 2015 तक अध्ययन केंद्र के समन्वयकों की क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

❖ क्षेत्रीय केंद्र में 21 नवंबर, 2015 को प्रथम नौकरी मेले का आयोजन किया गया।

❖ क्षेत्रीय केंद्र में 9 जनवरी, 2016 को दूसरे नौकरी मेले का आयोजन किया गया।

❖ एनआईओएस क्षेत्रीय केंद्र, दिल्ली के क्षेत्रीय केंद्र दिल्ली परिसर, ए-31, सेक्टर-62 नोएडा में 07 दिसंबर, 2015 को शिक्षार्थी कार्य गतिविधि का आयोजन किया।




❖ क्षेत्रीय केंद्र दिल्ली में 21.06.2015 को विश्व योग दिवस मनाया गया।

❖ एनआईओएस के क्षेत्रीय केंद्र दिल्ली ने 22 से 26 जून, 2015 तक ''स्वच्छ भारत अभियान'' का आयोजन किया।

❖ क्षेत्रीय निदेशक द्वारा आंवले का वृक्षारोपण करविश्व पर्यावरण दिवस (5 जून, 2015) मनाया।

❖ क्षेत्रीय केंद्र दिल्ली ने 25.08.2015 तथा 09.03.2016 को राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण (एनएलएमए) द्वारा आयोजित ''बेसिक साक्षरता परीक्षा'' का अनुवीक्षण किया।

## क्षेत्रीय केंद्र चंडीगढ़

❖ **केंद्र अधीक्षकों की बैठक :**

एनआईओएस की नीतियों से परिचित कराने के लिए एनआईओएस ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में केंद्र अधीक्षकों की एक अभिमुखी बैठक का आयोजन किया।

❖ **समन्वयकों के लिए कार्यशाला**

क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ में एनआईओएस अध्ययन केंद्रों के समन्वयकों के लिए 8 एवं 9 अगस्त, 2015 को एक कार्यशाला आयोजित हुई।

❖ **चित्रकला प्रतियोगिता**

क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ में 30.10.2015 से 12.11.2015 तक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

c. RC Ranchi conducted advocacy programme at Palamu district of Jharkhand on 30.09.2015.

d. NIOS-NLMA 11th Basic Literacy Assessment Programme was conducted and Monitored by RC Ranchi in Jharkhand on 23.08.2015.

## Regional Centre, Delhi

❖ Regional Training Workshop of Coordinators of Study Centre was organised in Vandana International Sr Sec School, Dwarka from 8 to 9 August 2015.

❖ First Job Fair was organised in the Regional Centre on 21 Nov 2015

❖ Second Job Fair was organized in the Regional Centre on 9 Jan 2016.

❖ Organized the Learners' Engagement Activity at the Regional Centre Delhi campus, A-31 Sector-62 Noida on 7 December 2015.

❖ The World Yoga Day was celebrated in the Regional Centre Delhi on 21 June, 2015.

❖ The Regional Centre, Delhi organized a cleanliness Campaign "Swachh Bharat Abhiyan from 22 to 26 June 2015.

❖ The World Environment Day (5 June 2015) was celebrated by planting an Amla tree by the Regional Director.

❖ The Regional Centre, Delhi monitored the "Basic Literacy Examination" conducted by the National Literacy Mission Authority (NLMA) held on 25.8.2015 and 9.3.2016.

## Regional Centre, Chandigarh

❖ **Centre Superintendents Meeting:**

In order to acquaint the Centre Superintendents with the policies of NIOS , an orientation meeting was organized by NIOS at Maharishi Dayanand University, Rohtak on 1 October, 2015.

❖ **Coordinators Workshop**

A workshop for Coordinators of NIOS Study centers was held on 8 and 9 August 2015 at the Regional Centre, Chandigarh.

❖ **Painting Competition:**

A Painting Competition was held at th e Regional Centre, Chandigarh from 30.10.2015 to 12.11.2015.

❖ **शिक्षार्थी केंद्रित गतिविधि :**

शिक्षार्थी केंद्रित गतिविधियों के लिए 6 एवं 7 दिसंबर, 2015 को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय श्री परमिंदर सिंह ढिंडसा, पीडब्ल्यूडी मंत्री, पंजाब उपस्थित थे।

❖ **पक्ष समर्थन :**

पक्ष समर्थन के लिए पीटीसी चैनल पर एक टीवी कार्यक्रम रिकॉर्ड किया गया। इसका प्रसारण पीटीसी न्यूज पर किया गया।

❖ **सार्वजनिक सूचना अभियान पटियाला :**

पीआईबी तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से 19 से 21 जनवरी, 2016 तक एक अभियान चलाया गया।

❖ राष्ट्रीय योग दिवस, 21.06.2015 को मनाया गया इसमें एआई, चंडीगढ़, मोहाली के शिक्षार्थियों ने भाग लिया।

❖ **एनएसक्यूएफ पर व्याख्यान**

राष्ट्रीय तकनीकी प्रशिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, सैक्टर-26, चंडीगढ़ में एनआईओएस द्वारा प्रदान की जा रही व्यावसायिक शिक्षा पर जोर डालते हुए ''राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क'' पर एक व्याख्यान दिया गया। पूरे भारत में व्याख्यान का सीधा प्रसारण किया गया और यह यूट्यूब पर भी उपलब्ध है।

❖ जिला प्रशासन, सैक्टर-17, चंडीगढ़ की मदद से मार्च, 2016 में ''विकास की नई उड़ान'' नामक विशेष सात दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

❖ **निम्नलिखित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया :**

क. स्वच्छ भारत

ख. 05.06.2015 को पर्यावरण दिवस मनाया गया।

ग. नवंबर, 2015 में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया।

घ. 21.02.2016 को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया।

ड. 26 नवंबर, 2015 संविधान दिवस को मनाया गया।

च. 29.08.2015 को संस्कृत दिवस मनाया गया।

छ. 14 से 28 सितंबर, 2015 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया।

❖ **Learner Engagement Activity:**

A Programme for engagement of Learners was organized on 6 and 7 December, 2015. It was attended by Hon'ble PWD Minister of Punjab Shri Parminder Singh Dhindsa.

❖ **Advocacy :**

For advocacy, a TV Programme on PTC Channel was recorded. The same was relayed on PTC News.

❖ **Public Information Campaign Patiala**

A campaign was organized with the assistance of PIB and Ministry of Information and Broadcasting from 19 to 21 January, 2016.

❖ The International Yoga Day was celebrated on 21.6.2015 where the learners from AIs of Chandigarh, Mohali participated.

❖ **Lecture on NSQF**

A lecture on 'National Skill Qualification Framework' with emphasis on the Vocational Education being provided by NIOS was delivered at the National Institute of Technical Teachers Training and Research, Sector 26, Chandigarh. The lecture was telecast live across India and is also available on You tube.

❖ A special seven day exhibition titled '*Vikas ki Nai Udaan*' was organized with the help of District Administration at Sector 17, Chandigarh in March 2016 .

❖ **Other Functions :**

a. Swachh Bharat

b. Environment Day celebrated on 05.6.2015

c. Vigilance Awareness Week was celebrated November 2015

d. International Mother Tongue day was celebrated on 21 Februar, 2016

e. Constitution day was celebrated on 26 November 2015.

f. Sanskrit Diwas was celebrated on 29.8.2015

g. Hindi Pakhwara was celebrated from 14 to 28 September 2015.

## एनआईओएस क्षेत्रीय केंद्र, देहरादून

### अन्तर माध्यम प्रचार समन्वय समिति (आईएमपीसीसी) में एनआईओएस क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून द्वारा प्रतिभाग



भारत सरकार के कार्यकर्मों की जानकारी जन सामान्य तक पहुंचाने के उद्देश्य से गठित अन्तर माध्यम प्रचार समन्वय समिति (आईएमपीसीसी) के उत्तराखण्ड चौप्टर की बैठक दिनाँक 29 मार्च 2016 को स्वास्थ्य निदेशालय, डांडा लखौण्ड, सहस्त्रधारा मार्ग, देहरादून उत्तराखण्ड में आयोजित की गयी। इस बैठक में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया। बैठक में अपना वक्तव्य देते हुए क्षेत्रीय निदेशक श्री प्रदीप कुमार रावत द्वारा समिति को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की विशेषताओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

समिति के अध्यक्ष एवं संयुक्त निदेशक, पीआईबी श्री (डॉ.) प्रकाश थपलियाल द्वारा भविष्य में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के कार्यकर्मों को जन सामान्य तक पहुंचाने के लिए सहयोग प्रदान करने का विश्वास दिलाया गया।

### हरिद्वार अर्धकुंभ मेले में एनआईओएस की उपस्थिति

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा अपने कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु 10 फरवरी 2016 को हरिद्वार अर्धकुंभ मेले में प्रचार सामग्री वितरित की गई। प्रचार सामग्री का वितरण इन्दिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय के एमएसडब्लू के विद्यार्थियों के सहयोग से किया गया। एडवोकेसी कार्यक्रम को क्षेत्रीय निदेशक प्रदीप कुमार रावत, इग्नू काउंसलर, डॉ जोगेन्द्र सिंह रावत, देव संस्कृति विश्वविद्यालय की ऐसोसिएट प्रोफेसर द्वारा संबोधित किया गया।

9

# सक्षमता निर्माण
# Capacity Building

भारत में मुक्त विद्यालयी शिक्षा तथा मुक्त बेसिक शिक्षा का बड़े पैमाने पर विस्तार इस क्षेत्र से संबद्ध पदाधिकारियों की योग्यता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार से अभिविन्यास, प्रशिक्षण तथा उन्नयन की अत्यधिक आवश्यकता को दर्शाता है। समझी गई आवश्यकता के आधार पर राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान ने मुक्त विद्यालयी शिक्षा तथा मुक्त बेसिक शिक्षा में शामिल पदाधिकारियों की प्रशिक्षण की आवश्यकताओं को संबोधित करने के लिए सक्षमता निर्माण प्रकोष्ठ स्थापित किया। यह सर्वांगी मानव संसाधन विकास सक्षमता निर्माण पर विचार करता है और योजना एवं प्रबंधन, पाठ्यचर्या तथा प्रशिक्षण संबंधी डिजाइन स्व-अध्ययन सामग्री तैयार करना, विद्यार्थी सहायता सेवाएँ और निर्धारण तथा मूल्यांकन में लगे विभिन्न पदाधिकारियों के लिए मुक्त विद्यालयी शिक्षा तथा मुक्त बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्मिकों की सक्षमता को बढ़ता है। इसका उद्देश्य उन कार्मिकों को भी शामिल करना है जो अपने कार्यों के विभिन्न तरीकों से मुक्त विद्यालयों की सहायता करते हैं।

वर्ष 2015-16 के दौरान, सक्षमता निर्माण प्रकोष्ठ ने निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम कराए :

1. **वर्चुअल मुक्त विद्यालयी शिक्षा (15 मई, 2015) के विकास के लिए परामर्शी कार्यशाला** – कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया (सेमका) के सहयोग से 15 मई, 2015 को वर्चुअल मुक्त विद्यालयी शिक्षा के विकास के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। यह शिक्षार्थियों की एक बहुत बड़ी संख्या तक पहुँचने के लिए इसके उद्देश्य में सहायक एनआईओएस प्रणाली में वर्चुअल मुक्त विद्यालयी शिक्षा पद्धति का विकास करने का एक प्रयास था। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान ने अपनी 25वीं वर्षगांठ मनाने के अवसर पर शिक्षार्थियों की सहायता करने के लिए इंटरनेट का प्रयोग करने तथा जो अपनी शिक्षा तथा कौशल विकास के लिए ऑन लाइन अधिगम अनुभवों को पूरा करना चाहते हैं उनके लिए वर्चुअल मुक्त विद्यालयी शिक्षा का आरंभ किया। वर्चुअल मुक्त विद्यालयी शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत शिक्षार्थी औपचारिक स्कूल आधारित पाठ्यक्रम का ऑनलाइन अध्ययन करने का अवसर प्राप्त करते हैं तथा प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए क्रेडिट प्राप्त करते हैं। शिक्षार्थी असमकालिक तथा समकालिक प्रौद्योगिकीयों का प्रयोग कर अध्ययन कर सकता है।

